**रोहतक**

**सोमवार, 23 जून, 2025**

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 143
पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00

**मौसम**
अधि. 36.0
न्यून. 26.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में यथार्थ को पछाड़ अमन, श्रीवर्षा को हरा जीनत प्री-क्वार्टर में


# SANSKARAM UNIVERSITY

Established under Haryana Private Universities Act, 2006 (Haryana Act No. 3 of 2024) and Approved by UGC under section 2(f) of the UGC Act 1956

Excellence in Higher & Technical Education -Times Power Award 2025

Best Emerging University in North India – Times Business Award 2025

UGC | AIU | PCI | VCI | BCI

**Foreign Collaboration Programs With**

LINCOLN UNIVERSITY COLLEGE | Universitas Muhammadiyah Jakarta | Unaki Universitas AKI

• Joint Academic Events • Student & Faculty Exchange Program • Resource Sharing

**Ranked 9th by Times Engineering Survey 2025**
Best Emerging University in India

• Education Loan Available For Students
• EMI Facility – Flexible Monthly Installments

**7056999201 | 202**



**Think Globally**

**Get 100% Scholarship** On the basis of Board Result

## Admissions Open in 175+ Programs at DIPLOMA, UG, PG & Ph.D. Level

### ENGINEERING AND TECHNOLOGY
**B.Tech / M.Tech (CSE)**
AI & ML | Cyber Security | Gaming (CSE)
Cloud Tech. & Information Security (CSE)
ECE | ME | CE | EE | IT | **BCA | MCA**
**Dip. In** Computer | Electrical | Civil

### MANAGEMENT & COMMERCE
**B.Com | M.Com**
BBA (Hons) | Business Analytics
International Accounting & Finance
Logistics and Supply Chain Management
**MBA** MBA Executive

### AGRICULTURE
B.Sc. (Hons) | M.Sc.

### HOTEL MANAGEMENT
BHM&CT | MHM&CT | BA (CULINARY ARTS)

### B.Sc. / M.Sc. (APPLIED SCIENCE)
Physics | Chemistry | Mathematics | Botany
Zoology | Microbiology | Forensic Sci. | Genetics
Yoga | Nutrition & Dietician* | Biochemistry*
Environment Sci.* | Food Science & Tech.*
**Computer Sci. | Data Sci. | Cyber Security**

### BA / MA (LIBERAL EDUCATION)
Journalism & Mass Comm. | English
Geography | Psychology | Pol. Sci. | Yoga
Economics | Mathematics | Sociology*
Education* | Physical Education & Sports*

### NURSING (Affiliated from UHSR)
B.Sc. Nursing | GNM

### VETERINARY
B.V.Sc. & A.H | M.V.Sc. & A.H | VLDD | DVLT

### LAW & LEGAL STUDIES
B.A. LL.B | BBA. LL.B | LL.B
LL.M | BA Legal Studies

### HEALTH & ALLIED SCIENCES
**PHARMACY** B. Pharm | D. Pharm
**B.Sc.** Radiography & Imaging Tech.
Operation Theater Tech.
Perfusion Tech. | Medical Lab Tech.
**BPT** (Bachelor of Physiotherapy)
D. Operation Theatre* | D. Medical Lab*
D. X-Ray Tech.* | D. Physiotherapy*
D. Radiology* | D. Dialysis Tech.*

### B.Voc / M.Voc
Interior Design | Fashion Design | Dialysis*
Computer Application | Optometry*
Medical Lab* | Cardiac Care* | Health Care
Hospital Mgt. | Physiotherapy Tech.*
Operation Theatre* | Health Sanitary*
Fire & Industrial Safety* | Mass Comm.*
Community Medical Service | Fine Arts*

**Ph.D.** Available in all the above Disciplines

### Our Academic & Recruitment Partners
Apple
Microsoft
Wave Pharma Limited
RIA GENERICS LIMITED
aws academy
grayquest
Airports Authority of India
Radisson BLU
INDO US BIO-TECH LIMITED
GLOBAL DATABASE SOLUTIONS
RK LIFE CARE INC
Bita Technologies
Digital Kissan Farming

**SUST** ₹10 Cr. Worth of Scholarship
**SCHOLARSHIP TEST**
Scholarship For Meritorious Students
Scan for Registration

**GET A FREE MACBOOK ON DAY 1**
Enroll Now | B.Tech CSE Programme
1st Time in India for All Students

**CAMPUS ADDRESS : N.H - 352, PATAUDA, DELHI-NCR, JHAJJAR (HARYANA)**

## खबर संक्षेप

### इस वर्ष का सबसे बड़ा योग आंदोलन : राव

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गत दिवस सम्पन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 अभियान में 37.56 लाख से अधिक लोगों ने भागीदारी की जिससे यह कार्यक्रम इस वर्ष का सबसे बड़ा एवं प्रभावशाली योग आंदोलन बन गया है। इस कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता से 'योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा' के संदेश को बल मिला है। प्रदेश की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि कल 21 जून को हरियाणा भर में आयोजित योग सत्रों में कुल 7,11,246 व्यक्तियों ने भाग लिया जबकि लगभग 30.45 लाख लोगों ने लगातार चले आ रहे अभियान में शिरकत की। इसके अलावा , 'हरित योग' पहल के हिस्से के रूप में राज्य भर में इस अभियान के दौरान कुल 1,90,065 पौधे भी लगाए गए। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित मुख्य राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 कार्यक्रम में सामुदायिक जुड़ाव और समग्र कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया, फलस्वरूप इसमें 1,01,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 1,00,000 पौधे लगाए गए।

### छात्रों पर धरना समाप्त करने का दबाव : चौटाला

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश के हालात बेहद खराब हो गए है। उन्होंने कहा कि सरकार को न तो युवाओं के हितों का ध्यान है और न ही प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा की कोई चिंता है। दिग्विजय ने कहा कि एचएयू के बेकसूर छात्र कई दिनों से लाठीचार्ज के दोषियों पर ठोस कार्रवाई करने और स्कॉलरशिप बहाली की मांग कर रहे है, लेकिन इतने दिन बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय उल्टा विद्यार्थियों पर ही दबाव बनाकर धरना समाप्त करवाने की कोशिशें की जा रही है।

### जेजेपी ने 15 पदाधिकारी घोषित किए

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन नवनिर्माण के तहत दिल्ली और राजस्थान में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी ने दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी में जयवीर गांधी को प्रदेश प्रधान महासचिव और प्रदीप शौकीन को प्रदेश कार्यालय सचिव एवं प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी हैं। दिल्ली जेजेपी में प्रदेश प्रचार सचिव के पद पर गिरीक अमन को नियुक्त किया हैं। वहीं पंकज गोदारा को युवा प्रदेश अध्यक्ष और सुहागवीर सैन को बीसी सेल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया हैं। जेजेपी की राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी में राज सिंह ताखर और फारुख शेख को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश प्रधान महासचिव के पद पर सरदार खंडेला और प्रदेश कार्यालय सचिव के पद पर सुरेश चौधरी को नियुक्त किया हैं।

### हरित पलवल अभियान में भागीदार बनें: गौतम

**चंडीगढ़।** पलवल शहर की न्यू कॉलोनी श्रद्धानंद पार्क में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर जनभागीदारी के साथ राहगीरी कार्यक्रम मिलकर रहो, खुलकर जियो का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर मंत्री गौरव गौतम ने एमसी पलवल का 'लोगो' भी लांच किया और स्वच्छ पलवल-सुंदर पलवल और हरित पलवल की परिकल्पना को साकार करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार व जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पलवल को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाकर देशभर में नंबर वन बनाना है, इसके लिए सरकार व जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छता को अपनाने में कोई संकोच व शर्म नहीं करनी चाहिए बल्कि जहां कहीं भी इस प्रकार का स्वच्छता अभियान चल रहा हो वहां बढ़-चढ़कर श्रमदान करना चाहिए।

शुक्रवार को हुआ था माता परमेश्वरी देवी जी का निधन, रोहतक में शोक सभा, प्रतिष्ठित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की

# माता जी को श्रद्धांजलि देने पहुंची राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए रविवार को दिनभर राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों का सिंधु भवन सेक्टर 14 रोहतक में तांता लगा रहा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित हरियाणा सरकार के कई कैबिनेट मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य गणमान्यजन पहुंचे और माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बता दें कि माता परमेश्वरी देवी का शुक्रवार को निधन हो गया था। शनिवार को रोहतक से उनके पैतृक गांव खांडा खेड़ी (जिला हिसार) तक अंतिम यात्रा निकाली गई, जहां पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सभी नेताओं ने परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन भर परिवार और समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। उनके द्वारा दिए गए संस्कारों के कारण ही आज सिंधु परिवार राष्ट्र और समाज सेवा में अग्रणी है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित रहे, जिनमें राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी कई हस्तियां शामिल थीं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, चरखी दादरी विधायक सुनील सांगवान, विधायक भगवान दास नीलोखेड़ी, भाजपा नेता विक्रम ठेकेदार, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, आरएसएस से सीताराम व्यास, आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेंद्र पाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, रणजीत चौटाला पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान सहित पूर्व विधायक सरिता नारायण ने भी श्रद्धांजलि भेंट की।

## माता परमेश्वरी के दिए संस्कारों की छाप सिंधु परिवार में दिखती है : मनोहर लाल



रोहतक। माता परमेशवरी देवी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं अन्य

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी एक तपस्विनी और संस्कारशील महिला थीं। उनके द्वारा संजोए गए संस्कारों की छाप पूरे सिंधु परिवार में दिखाई देती है। आज जब पूरा देश राष्ट्र निर्माण में सिंधु परिवार के योगदान को देखता है, तो इसमें माता परमेश्वरी देवी का अमूल्य योगदान है। उनका जाना समाज की अपूरणीय क्षति है।

**बिरेंद्र डूमरखां**

### माता जी दूरदर्शिता समाज में विरल उदाहरण



पूर्व मंत्री बिरेंद्र डूमरखां ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी की विनम्रता और दूरदर्शिता समाज में एक विरल उदाहरण है। उनका जाना सिर्फ एक परिवार की नहीं, समाज की भी क्षति है।

**ज्ञान चंद गुप्ता**

### परमेश्वरी देवी समाज के लिए मार्गदर्शक



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जैसी सशक्त और सहनशील महिलाओं के योगदान को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। वे सांस्कृतिक परंपरा की सच्ची प्रतिनिधि थीं।

**कृष्ण लाल पंवार**

### सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर जीवन जिया



कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने जीवन भर सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर जीवन जिया। वे एक प्रेरणा थीं, जिन्होंने अपने परिवार को न केवल सामाजिक मूल्यों से जोड़े रखा बल्कि राष्ट्रसेवा की राह भी दिखाई। मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं।

**श्याम सिंह राणा**

### परमेश्वरी देवी समाज के लिए मार्गदर्शक



कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि परमेश्वरी देवी जी का जीवन समाज के लिए एक मार्गदर्शक की तरह था। उनके आदर्श आज भी हमें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की प्रेरणा देते हैं। सिंधु परिवार को ऐसे संस्कार देना अपने आप में बहुत बड़ी बात है।

**सुभाष बराला**

### परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत



भाजपा नेता सुभाष बराला ने कहा कि हम सभी के लिए माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने जीवन में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण को महत्व दिया। परमेश्वरी देवी जी का जीवन न केवल सिंधू परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है।

**मूलचंद शर्मा**

### माता परमेश्वरी जी पूरे समाज को आदर्श दिए



बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपने परिवार को ही नहीं, पूरे समाज को आदर्श दिए। उनका संयम, त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

**जय सिंह अग्रवाल**

### संस्कृति की आत्मा को दर्शाता है उनका जीवन



पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ जय सिंह अग्रवाल ने कहा कि माता जी का जीवन दर्शन भारतीय संस्कृति की आत्मा को दर्शाता है। उनका आशीर्वाद ही सिंधु परिवार को आगे बढ़ने की शक्ति देता रहा है।

**रणबीर गंगवा**

### माताजी के जाने से समाज को काफी बड़ी क्षति हुई



कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी और स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी ने परिवार को ऐसे संस्कार दिए हैं जिसकी वजह से उनकी पूरे समाज में पहचान है। माताजी के जाने से समाज को बड़ी क्षति हुई है।

**राव नरबीर सिंह**

### माता जी का अनुशासन सभी के मन को छू जाता था



हरियाणा सरकार में मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि उनका स्नेह, विचार और अनुशासन हर एक व्यक्ति के मन को छू जाता था। उन्होंने जिस तरह अपने बच्चों को संस्कारित किया, वह अनुकरणीय है।

**डॉ. बनवारी लाल**

### परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत



पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व विरले होते हैं, जो स्वयं तो सरल जीवन जीते हैं, लेकिन समाज को गहरे स्तर पर प्रभावित करते हैं। माता जी का आशीर्वाद हमें सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

**अमरजीत सिंह**

### माता जी ने जो संस्कार दिए वे अमिट रहेंगे



सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन दर्शन हमें जीवन में दृढ़ता और सेवा भावना की सीख देता है। उन्होंने जो संस्कार दिए, वे अमिट रहेंगे।

**रेखा शर्मा**

### परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका गरिमा से निभाई



राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह बड़ी उपलब्धि है।

## बिजली दरों में बढ़ोत्तरी कर जनता को लूट रही सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने बिजली की दरों में हुई चुपचाप बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाई है। हुड्डा का कहना है कि बीजेपी ने एक ही झटके में बिजली को चार गुना तक महंगा कर दिया। यानी जिन आम परिवारों को 900 से 1000 रुपए तक बिल देना पड़ता था, उन्हें अब 4000 से 5000 रुपये बिल थमाया जा रहा है। एक तरफ गर्मी का सितम साथ मे बिजली के कई कई घंटे के कट और दूसरी तरफ महंगाई की मार, बीजेपी जब से सत्ता में आई है, लोगों को इसी तरह पीस रही है।बहरहाल बिजली पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं ना मिलने से हरियाणा में त्राहिमाम मचा हुआ है बिजली की दरें महंगी होने से भारी भरकम बिल मिलने लगे हैं।



## नई औद्योगिक नीति शीघ्र घोषित की जाएगी : राव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरित क्रांति से श्वेत क्रांति के बाद नील क्रांति का अग्रदूत बना कृषि प्रधान हरियाणा प्रदेश अब औद्योगिक क्रांति की ओर अग्रसर है। स्टार्टअप से लेकर 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने का सरकार का प्रस्ताव है जो प्रदेश की औद्योगिक क्रांति की नई गाथा लिखेंगे और शीघ्र ही कई नीतियों के लिए नए मसौदे ड्राफ्ट तैयार करके नई औद्योगिक नीति लाने की योजना है। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी देश व प्रदेश का विकास उद्योगों के बिना संभव नहीं है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक बढ़ावा देने के लिए हमने अपने किए गए वायदे के अनुरूप के प्रस्ताव को तेजी से कार्य आरंभ किया है। इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है।

### 1848 करोड़ रुपये का बजट आवंटित



राव नरबीर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्त मंत्री के रूप में उद्योग क्षेत्र को अपने बजट में प्राथमिकता दी है और चालू वित्त वर्ष में उद्योग विभाग के बजट में 126 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 1848 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले 5-6 वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में नया बदलाव देखने को मिले, उद्योग मंत्री के रूप में यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## नौकरी देते हैं, फिर भर्ती रद करते हैं, यही खेल कर रही सरकार: सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि चुनाव के समय युवाओं को नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा की सरकार युवाओं साथ विश्वासघात कर रही है। पहले भर्ती निकालो, नौकरी दो, फिर भर्ती कर दो रद्द यही खेल तो भाजपा सरकार खेलती आ रही है। अब सरकार कह रही है कि वह ग्रुप-डी में सेलेक्टेड युवाओं को पोस्टिंग देने जा रही है।



सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में ग्रुप-डी में भर्ती हुए युवकों को जल्द पोस्टिंग देने का दावा प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, विभागों से पूछा है कि उनके यहां ग्रुप डी से जुड़े कितने पद खाली हैं। जिसमें साल 2023 में हुई ग्रुप डी भर्ती वाले युवाओं को नियुक्त किया जाएगा।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

## गांवों में प्रजापति समाज को आबंटित जमीन पर हुए कब्जों को हटाया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सूबे में प्रजापति समाज को विभिन्न गांवों और इलाकों में आबंटित की जमीनों से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे।इन पर अवैध कब्जों के मामलों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायतों पर संज्ञान लिया ता। इसके बाद में मुख्य सचिव हरियाणा और जिला आयुक्त को नोटिस भेजकर एक माह के अंदर एक्शन टेकन रिपोर्ट मांग ली है। इसके बाद प्रशासन की ओर से अवैध कब्जे वाली जगहों को चिन्हित करने का काम भी शुरू कर दिया है। बताया गया है कि कुम्हार (प्रजापति समाज) की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को इस बारे में लिखित शिकाय दी गई थी। जिसमें बताया गया था कि पंचायत की ओर से मिली भूमि पर उनके गांव के ही कुछ प्रभावशाली लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं। इस कारण से वे मिट्टी के बर्तन नहीं बना रहे हैं।

### 1966 में सात से आठ हजार एकड़ भूमि दी थी

यहां पर बता दें कि सभी गांवों में गोचर भूमि की तर्ज पर 1966 में चकबंदी के समय हरियाणा में सात से आठ हजार एकड़ भूमि आवे-पजावे के उपयोग के लिए दी थी। गुरुग्राम के फरखनगर, सोहना, झज्जर, नारनौल चरखी दादरी सहित प्रदेश के कई जिलों में दी जमीन पर अवैध कब्जे प्रभावशाली लोगों ने कर लिए। इस कारण से कुम्हार समाज के लोगों को अपने काम को करने के लिए दूसरा ठिकाना बनाना पड़ा। जानकारी मुताबिक हरियाणा में सात से आठ हजार एकड़ भूमि आवे-पजावे के उपयोग के लिए दी गई थी। गुरुग्राम फर्रुखनगर, सोहना और झज्जर, नारनौल चरखीदादरी सहित प्रदेश के कई जिलों में दी गई जमीन पर अवैध कब्जे कर लिए गए। इस कारण से इस समाज के लोगों को अन्य स्थानों पर मजबूरी में जाना पड़ा। खास बात यह है कि रोटी रोजगार के लिए भूमि मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए दी थी।बदलते समय के चलते कई लोगों ने मिट्टी के बर्तन बनाने की जगह रोजगार के अन्य विकल्प तलाश लिए। लोगों को रुझान मिट्टी के बर्तन की ओर बढ़ने लगा। कुम्हारों को जरूरत पड़ी जो दूसरे लोगों ने कब्जा कर लिया। गोचर भूमि को लेकर तो प्रदेश सरकार कई बार अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए गंभीर प्रयास कर चुकी है, लेकिन पारंपरिक मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए निर्धारित भूमि आवे-पजावे को अतिक्रमण से मुक्त करने को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

मानसून में जलभराव से निपटने के लिए तैयारी लगभग पूरी

# अब तक 92.85 प्रतिशत नालों की सफाई पूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि विभाग द्वारा मानसून सीजन से पहले बाढ़ नियंत्रण के लिए सक्रिय तैयारियां की जा रही हैं। राज्य में कुल 846 नालों में से 671 नालों की सफाई की योजना बनाई गई थी, जिनकी कुल लंबाई 4040.23 किमी है। अब तक 3751.40 किमी (92.85 प्रतिशत) नालों की सफाई मनरेगा, विभागीय मशीनरी तथा ई-टेंडरिंग के माध्यम से पूर्ण की जा चुकी है। शेष कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है और शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 56वीं बैठक में, जो माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी, कुल 209 अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण कार्यों को स्वीकृति दी गई थी। इनमें से 12 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 175 कार्य प्रगति पर हैं और इन्हें 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। 8 कार्य किसानों के विरोध एवं इको-सेंसिटिव ज़ोन में आने के कारण रुके हुए हैं। शेष 14 कार्य जल संरक्षण और सामग्री खरीद से संबंधित हैं, जिनकी खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है।

इन स्थलों पर अस्थायी व्यवस्था की गई है, जिससे बाढ़ की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ये कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे।

इसके साथ ही टांगरी नदी में 39.22 लाख घन मीटर सिल्ट हटाने का अनुमान है। तीन हिस्सों में विभाजित कार्य में दो हिस्सों के अनुबंध हो चुके हैं और कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, कार्डन, बाब्याल और चांदपुरा गांवों की नगर निगम सीमा में भी सफाई जारी है। अब तक लगभग 5.75 लाख घन मीटर सिल्ट हटाई जा चुकी है, शेष कार्य टारगेट समय यानी 30 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि सरस्वती नदी, जो आदि बद्री (यमुनानगर) से लेकर घग्गर नदी में मिलन तक बहती है, लगभग 190 किमी लंबी है और यमुनानगर, कुरुक्षेत्र तथा कैथल जिलों से होकर गुजरती है। इसकी 8 सहायक नदियां हैं जिनकी कुल लंबाई लगभग 101 किमी है। सरस्वती नदी और इसकी सहायक नदियों में आंतरिक सफाई कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है जिसमें लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य 25 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

### मारकंडा नदी में 65.47 लाख घन मीटर सिल्ट हटाई



मारकंडा नदी में कुल 65.47 लाख घन मीटर सिल्ट हटाने का अनुमान है। दो बार निविदा आमंत्रित की गई, लेकिन कोई बोली नहीं आई। इसके बाद 58,000 घन मीटर की प्राथमिक श्रेणियों के लिए पुनः टेंडर जारी किए गए। झांसा, कलसाना, गुमटी और जलबेरा गांवों में लगभग 60% कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य निश्चित समय तक पूरा कर लिया जाएगा। हटाई गई मिट्टी का उपयोग अम्बाला एवं कुरुक्षेत्र जिलों में तटबंधों को मजबूत करने व अन्य विकास कार्यों में किया जा रहा है। टांगरी और मारकंडा नदियों में आई टूट-फूट की सभी साइट्स की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य भी पूरा कर लिया गया है, जिससे भविष्य में बाढ़ की संभावना को काफी हद तक कम किया गया है।

## आजादी दिलाने में ब्राह्मण समाज का महत्वपूर्ण योगदान: डॉ. शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि देश को आजादी दिलाने व इस आजादी को बरकरार रखने में ब्राह्मण समाज का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण हमेशा सबको साथ लेकर चलता है और समाज को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवाओं को कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़ने व एकजुटता का संदेश दें, ताकि उनका राष्ट्र व समाज निर्माण में योगदान बढ़ सके। रविवार को रोहिणी सेक्टर 3, दिल्ली में दिल्ली राज्य ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन व स्वागत समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को ब्राह्मण रत्न की उपाधि देकर सम्मानित किया गया।

### बढ़ रहा हरियाणा

डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि देश में आजादी आंदोलन से लेकर सामाजिक आंदोलनों में ब्राह्मण समाज ने बढ़चढ़ कर भागीदारी करते हुए अपना योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में बेहतरीन काम कर रहा है। केंद्र सरकार ने 2024 में भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट जारी करते हुए सम्मान बढ़ाया है, वहीं हरियाणा में दोहलीदार की जमीन देने से लेकर भगवान परशुराम जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने का काम किया है। डॉ. शर्मा ने कहा पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के मौके पर गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैम्पस को पहरावर धाम के तौर पर विकसित करने पर जोर दिया गया।

रोहतक
सोमवार, 23 जून, 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 143
पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00

**मौसम**
अधि. 36.0
न्यून. 26.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 अंडर-23 एशियाई कुश्ती : भारत ने छह स्वर्ण के साथ जीता टीम खिताब

## खबर संक्षेप

### डीयू ने प्रवेश फॉर्म में गलती को अनजानी चूक बताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने स्नातक प्रवेश फॉर्म में उर्दू को विवादास्पद रूप से हटा दिए जाने तथा मुस्लिम को मातृभाषा के रूप में शामिल किए जाने को असावधानीवश हुई गलती बताया है, लेकिन कई प्रोफेसर ने सांप्रदायिक पूर्वाग्रह का आरोप लगाते हुए तत्काल सुधार, जवाबदेही तथा सार्वजनिक माफी की मांग की है। भाषा

### दिल्ली मौसम कार्यालय का 'एक्स' अकाउंट हैक

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र द्वारा कुछ अनुचित पोस्ट दोबारा पोस्ट किए जाने के एक दिन बाद विभाग ने रविवार को कहा कि उसका 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है। मामले की जांच की जा रही है। शनिवार शाम को आईएमडी का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया था। इसके बाद, आईएमडी ने 'रीपोस्ट' किए गए पोस्ट को हटा दिया और जांच शुरू कर दी। एजेंसी

### 1 जुलाई से पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 1 जुलाई से एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है।



अब पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। यानी, जो गाड़ियां अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं, उन्हें 'एंड-ऑफ-लाइफ' (ईओएल) गाड़ियां माना जाएगा और उन्हें पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए यह फैसला लिया गया है। एजेंसी

### ईपीएफओ ने अप्रैल में 19.14 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय द्वारा जारी पेरोल आंकड़ों के अनुसार, सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने अप्रैल, 2025 में शुद्ध आधार पर 19.14 लाख सदस्य जोड़े। मंत्रालय ने कहा कि यह आंकड़ा मार्च, 2025 की तुलना में 31.31 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 की तुलना में 1.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अप्रैल, 2025 में लगभग 8.49 लाख नए सदस्यों को नामांकित किया। भाषा

### पंजाब में जासूसी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी और साहिल मसीह के रूप में हुई है। इन्हें रिमांड पर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। भाषा

---

'शांतिदूत' बनने वाले ट्रंप युद्ध में कूदे, रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव का तंज-यह तो युद्ध शुरू कराने वाला 'शांति का राष्ट्रपति
बंकर बस्टर बमों की रेंज 65 मीटर, एटमी ठिकाने करीब 100 मीटर नीचे, ईरान का दावा परमाणु ढांचे को मामूली नुकसान
**125 जेट भेजे, इनमें 7 बी-2 बॉम्बर्स, 14000 किलो के बम गिराए**
फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु केंद्र पर भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे किया हमला, भारी नुकसान पहुंचाया

# इजराइल-ईरान के बीच युद्ध में कूदा अमेरिका, 3 ईरानी परमाणु केंद्र ध्वस्त

### ट्रंप बोले, हमने ईरान के परमाणु केंद्रों को पूरी तरह नष्ट कर दिया
### ईरानी विदेश मंत्री अरागची बोले, हम बदला लेंगे, कूटनीति का दौर बीत गया
### नेतन्याहू बोले, ट्रंप के साहसिक निर्णय ने इतिहास रच दिया
### पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से तनाव कम करने का आह्वान किया

भाषा ▶▶| तेल अवीव

इजराइल-ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती प्रदान करते हुए अमेरिका ने रविवार तड़के 3 ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। ईरान पर हमले के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे। इस

#### सभी देशों ने कहा, कूटनीतिक तरीके से निकाले समाधान
#### फ्रांस और ब्रिटेन ने कहा, हम हमले में शामिल नहीं
#### पाकिस्तान ने भी अमेरिकी हमले की निंदा की

ऑपरेशन में 7 बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ईरान के फोर्डो और नतांज न्यूक्लियर ठिकानों पर 13,608 किलो वजनी बस्टर बम गिराए। ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच लंबे समय से अमेरिका के दुश्मन रहे ईरान को कमजोर करने के लिहाज से यह एक जोखिम भरा कदम माना जा रहा है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है।

### अब ईरान शांति कायम करे : ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को 'पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है'। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।





### हमें आत्मरक्षा का हक : अरागची

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है। यूएस में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन इस आक्रामक कृत्य के खतरनाक और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने परमाणु केंद्रों पर हमला करके सारी हदें पार कर दीं। हम बदला लेंगे। अब वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाएंगे, क्योंकि अमेरिका इजराइल के साथ क्षेत्रीय युद्ध में कूद गया है।

### अमेरिका का बी-2 बॉम्बर, जिससे हमला किया




### सैटेलाइट में दिखे हमले के निशान



#### किस रास्ते से गए बंकर बस्टर बम?

अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने पाक, बहरीन व कुवैत के आकाश से होकर उड़ान भरी

पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर वॉशिंगटन गए थे, वे पाक के आकाश का रास्ता देने ही गए थे

#### ट्रंप पर दो बड़े सवाल?

उन्हें इस बात का हक किसने दिया कि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था को फिर से चरमरा दें

इजराइल के पास करीब 90 परमाणु बम हैं, ट्रंप क्या उसे इन बमों को नष्ट करने के लिए कह सकेंगे

### ईरान के हमले में इजराइल की इमारत हुई ध्वस्त



### जमीन के भीतर लक्ष्य भेदा

अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि 'अमेरिकन स्टील्थ बॉम्बर' और 30,000 पाउंड वजनी 'बंकर-बस्टर बम' ने जमीन के अंदर गहरे में स्थापित ईरानी परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया। 'बंकर-बस्टिंग बम' को 'जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर' के रूप में जाना जाता है, जिसका इस्तेमाल जमीन के भीतर लक्ष्य को भेदने और विस्फोट में किया जाता है।

**ईरान ने इजराइल पर 40 मिसाइलें दागी**
ईरान के अर्द्धसैनिक 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने कहा कि उसने इजराइल पर 40 मिसाइल दागी, जिसमें उसका 'खोर्रमशहर-4' मिसाइल भी शामिल है। इजराइल के अधिकारियों ने बताया कि 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं और अधिकतर को मामूली चोटें आई हैं। हालांकि तेल अवीव में एक बहुमंजिला इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है।

### कोई रिसाव नहीं

1. फोर्डो, नतांज और इस्फहान के परमाणु ईंधन चक्र के ढांचे या तो अप्रभावित रहे या उन्हें केवल मामूली क्षति हुई
2. अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने पुष्टि की कि कोई रेडियोधर्मी रिसाव नहीं हुआ। केवल 6 इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं।
3. समृद्ध यूरेनियम पहले ही सुरक्षित स्थानों पर भेजा था। ले जाया गया था।
4. फोर्डो में 83.7% तक यूरेनियम है, जो परमाणु हथियार के लिए जरूरी 90% के करीब है।
5. ईरान पर हमले के लिए बी-2 बॉम्बर्स 37 घंटे तक उड़े।

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से बात की

पीएम नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से बातचीत की और ईरान एवं इजराइल के बीच संघर्ष को लेकर भारत की ओर से 'गहरी चिंता' जताई। मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने हाल में तनाव बढ़ने पर ''गहरी चिंता'' जताई और इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय शांति की शीघ्र बहाली वार्ता और कूटनीति से ही हो सकती है।'



### शक्ति से शांति : नेतन्याहू

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के 'साहसिक निर्णय' की सराहना की और कहा कि इसने 'शक्ति के जरिए शांति' को दर्शाया है। नेतन्याहू ने कहा, ट्रंप का साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता।' ट्रंप और मैं अक्सर कहते हैं 'शक्ति से शांति। पहले शक्ति आती है, फिर शांति आती है।



**सबसे महंगे बी-2 बॉम्बर्स**
21 जून 2025 की रात को अमेरिका ने एक बड़े सैन्य ऑपरेशन में बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स और यूएसएस जॉर्जिया (एसएसजीएन 729) पनडुब्बी का उपयोग कर ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर हमले किए। लगभग 2.1 बिलियन डॉलर की कीमत वाले बी-2 स्टील्थ बॉम्बर सबसे महंगे सैन्य विमान।

**बंकरों को भी भेदने में सक्षम**
12 जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर (एमओपी) बम फोर्डो पर गिराए गए, जो 60 मीटर गहरे बंकरों को भेद सकते हैं। दो जीबीयू-57 एमओपी बम नतांज पर गिराए। 30 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें नतांज और इस्फहान पर दागी। ट्रंप ने दावा किया कि इन हमलों ने ईरान के परमाणु ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। (पैकेज पेज 6 पर)

---

# इंडिगो विमान में तकनीकी खराबी चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर रोकी उड़ान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर रविवार को तकनीकी खराबी आने से एक फ्लाइट को अचानक रद कर दिया गया। फ्लाइट के रनवे पर जाने से पहले ही पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला। शुरुआती जांच में तकनीकी खामी की पुष्टि होने के बाद फ्लाइट को रद करने का फैसला किया गया। जिस समय यह निर्णय लिया गया, उस वक्त फ्लाइट में करीब 177 लोग सवार थे। सभी को फ्लाइट से उतार दिया गया। सभी सुरक्षित यह फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की थी, जो चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए उड़ान भरने को तैयार थी। विमान में क्या तकनीकी खामी आई थी। यह जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा। बता दें कि इस महीने में ही इंडिगो एयरलाइंस की यह चौथी फ्लाइट है, जिसमें तकनीकी समस्या आई है।




लखनऊ के लिए उड़ान भरनी थी, पायलट ने बताई खामी
विमान में 170 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित नीचे उतारे
इंडिगो की यह चौथी फ्लाइट जिसमें तकनीकी खामी आई

### डीजीसीए की एयर इंडिया को चेतावनी, लाइसेंस रद कर देंगे

**नई दिल्ली(भाषा)।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। वहीं, एयर इंडिया को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है। एयर इंडिया ने रविवार को अपनी सिंगापुर की दो फ्लाइटें और एक घरेलू फ्लाइट को 15 जुलाई तक रद्द कर दिया है। इसके अलावा 19 रूट पर चलने वाली कुछ घरेलू फ्लाइटों को भी 15 फीसदी कम किया है।

### बम की धमकी के बाद बर्मिंघम दिल्ली उड़ान को रियाद में उतारा

**नई दिल्ली(भाषा)।** बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर सऊदी अरब के रियाद शहर में सुरक्षित उतारा गया। रविवार को एक बयान में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रियाद से उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से कम कर दिया है। एअर इंडिया ने कहा, ''बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एआई114 को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे रियाद की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित तरीके से उतारा गया और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई।

---

#### रैगिंग के लिए नए नियम

# बिहारी, जाट, चिंकी-पिंकी कहा तो मानी जाएगी रैगिंग

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** देश के कॉलेज और विश्वविद्यालय अब छात्रों की सुरक्षा को लेकर और सख्त रुख अपनाने जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने रैगिंग की परिभाषा को और व्यापक करते हुए नए निर्देश जारी किए हैं। अब रैगिंग का मतलब सिर्फ शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न नहीं, बल्कि किसी छात्र की जाति, धर्म, लिंग, रंग, भाषा, क्षेत्र या आर्थिक पृष्ठभूमि को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी भी होगी। यानी अब किसी को 'बिहारी', 'चिंकी', 'जाट' या 'गरीब' कहकर मज़ाक उड़ाना भी रैगिंग माना जाएगा। इसके लिए सख्त सजा तय होगी। देशभर में यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में नया अकादमिक सत्र शुरू होने वाला है। इसे ध्यान में रखते हुए यूजीसी ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों- जैसे कि आईआईटी, एनआईटी, मेडिकल, लॉ और मैनेजमेंट कॉलेजों को सख्ती से एंटी-रैगिंग रेग्युलेशन 2009 और नई संशोधित गाइडलाइंस को लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### कैंपस में होगी और सख्ती

एंटी-रैगिंग कमेटी अनिवार्य हर संस्थान को अपनी एंटी-रैगिंग कमेटी बनानी होगी, जो हॉस्टल, कैंटीन, टॉयलेट, लाइब्रेरी, बस स्टैंड आदि जगहों की निगरानी करेगी। सीसीटीवी निगरानी बढ़ेगी। अब 'डार्क ज़ोन' जैसे जगहों पर भी कैमरे लगाने होंगे, जहां पहले नज़र रखना मुश्किल होता था। छात्र संवाद और काउंसलिंग से होगी।

---

# पहलगाम हमले में मदद करने वाले दो गिरफ्तार, तीन आतंकियों की पहचान

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

एनआईए ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर व पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में संलिप्त तीन हथियारबंद आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है। एनआईए ने कहा कि उन्होंने यह पुष्टि की है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाक नागरिक हैं। एनआईए ने 27 अप्रैल को मामले की जांच अपने हाथ में ली, लेकिन दो महीने बाद भी चार मुख्य आतंकी फरार हैं। पहलगाम का पहाड़ी इलाका और घने जंगल आतंकियों के छिपने के लिए अनुकूल हैं।

### लश्कर की साजिश का पर्दाफाश



### धर्म पूछकर मारी थी गोली

आपको बता दें कि 22 अप्रैल को हथियारों से लैस आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमला कर दिया था। इस दौरान आतंकियों ने हिंदू पुरुषों से उनका धर्म पूछने के बाद उन्हें गोली मार दी थी। इसमें 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। भारत की इस कार्रवाई के बाद भारत-पाक सीमा पर तनाव बढ़ गया था।

### इन्होंने दी थी पनाह

एनआईए ने कहा, परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन हथियारबंद आतंकवादियों को हिल पार्क में ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी। एजेंसी के अनुसार दोनों लोगों ने आतंकवादियों को खाना, आश्रय और उन्हें लाने ले जाने में सहायता प्रदान की थी। एनआईए ने दोनों को विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने कहा कि कहा कि मामले में जांच जारी है।

---

**पुरातत्व** ग्रामीणों के लिए कौतूहल का विषय बने, काम कर रहे मजदूर डर गए


*10 से 12 कंकाल, हड्डियां और जबड़े भी मिले, अब इनकी जांच होगी*

# जींद के देवरड़ में तालाब की खुदाई में मिले 8 फीट लंबे नर कंकाल और प्राचीन मटके

**जुलाना/जींद (हरिभूमि न्यूज)।** जुलाना खंड के गांव देवरड़ में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मनरेगा के तहत तालाब की खुदाई कर रहे मजदूरों को तालाब में नरकंकाल और प्राचीन काल के मटके मिले। नर कंकालों को देखकर मजदूर डर गए। इन नरकंकालों की लंबाई करीब आठ फीट है। तालाब में करीब 10 से 12 कंकाल अब तक मिल चुके हैं। कंकालों की हालत को देखकर लगता है कि ये काफी पुराने हैं। हालांकि सारी स्थिति का खुलासा जांच के बाद ही होगा। दरअसल, गांव देवरड़ में मनरेगा के तहत तालाब की खुदाई का काम चल रहा था। मजदूरों को खुदाई के दौरान अचानक कुछ मटके दिखाई दिए। जब उन्हें और गहराई में खोदा गया तो वहां नर कंकाल भी बरामद हुए। ये कंकाल अब लोगों के बीच कौतूहल का विषय बने हुए हैं।

### मानव शरीर के हर अंग की हड्डी मिली





मजदूरों ने मौके पर काम बंद कर दिया और सभी एक जगह पर जमा होकर मिट्टी से निकल रहीं हड्डियों को ही देखते रहे। थोड़ी देर में वहां हड्डियों का ढेर लग गया। उसमें मानव शरीर के हर अंग की हड्डियां थीं। इससे अंदाजा लगाया गया कि ये पूरे मानव कंकाल हैं। इनमें हाथ, पैर, छाती और खोपड़ी कि हड्डियां हैं। खुदाई में कुछ प्राचीन और टूटे-फूटे मटके भी मिले हैं। इन सभी चीजों को मजदूरों ने एक स्थान पर जमा कर दिया है। खुदाई में मानव जबड़े भी मिले हैं, जिनका साइज आम आदमी के जबड़े से काफी बड़ा है।

### तालाब की जगह था कब्रिस्तान

देवरड़ गांव निवासी राममेहर ने बताया कि आजादी से पहले गांव में मुसलमान रहते थे। गांव के तालाब की जगह कब्रिस्तान होता था। तालाब में मिल रहे कंकाल कब्रिस्तान में दफनाए गए मुस्लिमों के हो सकते हैं। बुजुर्गों ने बताया कि आजादी के बाद भी इस जगह लोग आने से कतराते थे। समय बीतता गया और यहां पर तालाब बन गया।

### दो माह से चल रहा है खुदाई का काम

मनरेगा एबीपीओ नेहा ने बताया कि तालाब की खुदाई का काम दो माह से चला हुआ है। रोजाना 50 से 60 मजदूर खुदाई का काम करते हैं। तालाब में कुछ मिला है तो मौके पर जाकर जांच की जाएगी। बीडीपीओ जुलाना प्रतीक जांगड़ा ने बताया कि खुदाई के दौरान कंकाल मिले हैं तो काम को रोक दिया है और मौके पर जाकर जांच करने के बाद ही काम दोबारा शुरू किया जाएगा।

---

केंद्र फंड देगा व राज्य सुधारेंगे सड़कों की हालत

# स्टेट हाईवे को एनएच में बदलने की रफ्तार कम करेगी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार अब स्टेट हाईवे को नेशनल हाइवे (एनएच) में बदलने की रफ्तार कम करने जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब हर सड़क को एनएच का दर्जा नहीं मिलेगा, बल्कि राज्य सरकारों को खुद अपने हाईवे सुधारने के लिए पैसे दिए जाएंगे। नए मॉडल के तहत, अपग्रेड के बाद इन सड़कों की देख-रेख राज्य सरकारें करेंगी। केंद्र सरकार अब ग्रीनफील्ड हाईवे और एक्सप्रेसवे बनाने पर फोकस करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी ने निर्देश हाल ही में ट्रांसपोर्ट मंत्रालय को जुलाई के अंत तक ऐसा मॉडल बनाने कहा है जिससे स्टेट हाईवे को एनएच डिक्लेयर करने की जरूरत ही कम हो। मंत्रालय को स्टेट हाईवे और छोटे पोर्ट्स को जोड़ने के लिए कहा गया है।

**पीएम मोदी ने सभी राज्यों से प्लान बनाने को कहा**
■
**ग्रीन फील्ड हाईवे और एक्सप्रेस-वे बनाने पर फोकस करेगी सरकार**

### 55,000 किमी राज्य हाईवे एनएच बने

केंद्र सरकार ने पिछले 11 साल में 55,000 किमी राज्य हाईवे को एनएच में बदला, जिससे अब नेशनल हाइवे की कुल लंबाई 1.46 लाख किमी हो गई है। सरकार का मानना है कि नेटवर्क फैलाने के बजाय, मौजूदा हाईवे को चौड़ा और बेहतर बनाना ज्यादा जरूरी है। मार्च 2025 तक भारत में कुल सड़क नेटवर्क की लम्बाई 63 लाख किमी से ज्यादा हो चुका है।

### मिल सकता है ज्यादा फंड

नए प्लान में राज्यों को अपने हाईवे सुधारने के लिए केंद्र से एकमुश्त फंड मिल सकता है। इससे वे अपनी जरूरत के हिसाब से सडकों को सुधार हैं। अपग्रेड के बाद इन सड़कों की देखरेख और मेंटेनेंस भी राज्य सरकारें ही करेंगी, जिससे केंद्र सरकार लंबी दूरी की यात्रा के लिए सड़कें बनाने पर फोकस कर सकेगी।

## गैंगस्टर रोहित गोदारा व गोल्डी बराड़ ने ली शराब ठेकेदार वीरेंद्र हत्याकांड की जिम्मेवारी


# पुलिस बोली, खुद को प्रमोट करने लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली, हत्या का कारण कारोबार नहीं रंजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गांव खराकरामजी में शराब ठेकेदार वीरेंद्र उर्फ बिंद्र की गोलियां मार कर हत्या करने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल हुई है। जिसमें गैंगस्टर रोहित गोदारा तथा गोल्डी बराड़ ने हत्या करवाने की जिम्मेवारी ली है। पुलिस का मानना है कि नाम भुनाने और नामों को प्रमोट करने को लेकर पोस्ट डाली गई है। फिर भी पोस्ट की जांच की जा रही है। वीरेंद्र की हत्या के पीछे शराब कारोबार नहीं बल्कि उनकी रंजिश रही है। पुलिस ने हत्यारों की पहचान भी कर ली है। पुलिस ने चार संदिग्ध लोगों को पूछताछ के हिरासत में भी लिया है। रोहित गोदारा तथा गोल्डी बराड़ के नाम से सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट में लिखा गया है कि मृतक उनके दुश्मनों को फाइनेंशियल सपोर्ट कर रहा था। इसको हमारे भाई रोहित राणा ने अपने हाथों से मारा है। ये हमारे भाई दीपेंद्र राठी जो जेल में बंद है, उसका खास दुश्मन था। इसने अभी जेल में दीपेंद्र के साथी भाई विनित पर और रोहित राणा पर बाहर हमला करवाया था। विनित अभी अस्पताल में दाखिल है। ये बिंद्र हमारे दुश्मनों के साथ मिल कर हमारे भाइयों का नुकसान कर रहा था। इसलिए वारदात को हमने अंजाम दे दिया।

- गैंगस्टरों ने लिखा – दुश्मनों की आर्थिक सहायता कर रहा था मृतक
- पोस्ट को लेकर तथ्यों को खंगालने में जुटी पुलिस

## 'अभी भी जो हमारी खिलाफत में लगे हैं, समय रहते सुधर जाओ, नहीं तो फिर अपनी अर्थी अपने घर की चौखट पर तैयार रखना'


Rohit Godara Bikaner
Just now

राम राम सभी भाईयों को मैं रोहित गोदारा, गोल्डी बरार भाईयों आज ये जो (जिन्द )मैं वीरेंद्र उर्फ( बिंदर) की हत्या हुई है! इसकी संपूर्ण जिमेदारी हम लेते है! ये हमारे दुसमनों को फाइनेंशियल सपोर्ट करता था !इसको हमारे छोटे भाई रोहित राणा ने अपने हाथों से मारा है! ये हमारे भाई दीपेंद्र राठी जो की अभी जेल में बंद है! ये दीपेंद्र का खास दुस्मन था! इसने अभी जेल में दीपेंद्र के साथी भाई विनीत पर और रोहित राणा पे बाहर हमला करवाया था ! विनीत ( जो की अभी हॉस्पिटल में एडमिट है) ये हमारे दुस्मनों के साथ मिल्कर हमारे भाईयों का नुकसान कर रहा था! दुशमन था! इसलिए वारदात को हमने अंजाम दिया है! अभी भी जो भी हमारी खिलाफत में लगे हुऐ है! समय रहते हुए सुधर जाओ नहीं फिर अर्थी अपनी (घर की चोकट) पे तैयार रखना कभी भी उठ

अभी भी जो भी हमारी खिलाफत में लगे हैं, समय रहते सुधर जाओ, नहीं तो फिर अपनी अर्थी अपने घर की चौखट पर तैयार रखना, जो कभी भी उठ सकती है। जिसके साथ 20 सेकेंड की वीडियो क्लिप भी डाली गई है। जिसमें तीन युवक वीरेंद्र उर्फ बिंद्र पर गोलियां चलाते नजर आ रहे हैं। पोस्ट को जेल में बंद दीपेंद्र राठी, रोहित राणा, डेविड रामराये को टैग किया गया है। हालांकि सदर थाना पुलिस ने वीरेंद्र हत्याकांड में गांव नगूरां निवासी राकेश मिड्ढा, गांव साहनपुर निवासी दीपेंद्र राठी, गांव खरकरामजी निवासी अजय उर्फ नीलमा, कमल उर्फ कमली, कर्मपाल, सुमित समेत आठ को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया हुआ है।


जींद। हत्या कर भागता युवक।

## वीरेंद्र का दीपेंद्र राठी के साथ था छत्तीस का आंकडा, विदेश से बुक थी कार

मृतक वीरेंद्र का जेल में बंद दीपेंद्र राठी के साथ छत्तीस का आंकडा चला आ रहा है। दीपेंद्र राठी के पिता पर भी हमला किया था। जिसके आरोप वीरेंद्र व उसके साथियों पर लगे थे। वीरेंद्र पर भी हमला हुआ था लेकिन उस दौरान वह बच निकला था। उसी रंजिश के चलते वीरेंद्र की हत्या की गई है। शराब कारोबार से हत्या को कोई संबंध नही है। जो गाड़ी वारदात में प्रयोग की गई, उसे विदेश से बुक किया गया था। हालांकि पुलिस ने हत्या में शामिल आरोपितों की पहचान कर ली है। जिसमें कुछ जमानत पर बाहर आए हुए हैं। उन्ही ने वारदात को अंजाम दिया है। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की हर एंगल से जांच की जा रही है। अपराधिक नामों को प्रमोट की कोशिश भी हो सकती है। वीरेंद्र की हत्या रंजिश के चलते की गई है। वीरेंद्र पर दस अपराधिक मामले दर्ज थे। हत्यारों की पहचान हो चुकी है। टीमें लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द आरोपित पुलिस की पकड़ में होंगे। वहीं सोमवार डीजीपी ने भी जिले का दौरा कर अधिकारियों की बैठक ली।

## ठेके पर फायरिंग कर हिस्सेदारी मांगने के आरोप में दो गिरफ्तार

**भूना।** पुलिस ने दहमान गांव के शराब ठेके पर फायरिंग कर दहशत फैलाने और जबरन हिस्सेदारी मांगने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लाइसेंसी असलहा भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार युवकों की पहचान नरेंद्र उर्फ काला पुत्र राजकुमार तथा प्रदीप उर्फ जोनी पुत्र साधू राम, निवासी गांव दहमन, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने गहन पूछताछ के दौरान आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डस्टर गाड़ी, एक दोनाली बंदूक 12 बोर, दो खाली कारतूस 12 बोर एवं एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किए गए हैं।

आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश किया गया जहां से नरेन्द्र को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जबकि प्रदीप को हिसार जेल भेजा है। थाना भूना थानाध्यक्ष सुरेंद्रा ने बताया कि 21 जून को दोनों आरोपी गांव दहमान स्थित शराब ठेके पर पहुंचे। वहां से तीन पेटी बीयर और एक पेटी अंग्रेजी शराब लेकर चले गए। उस समय ठेके पर केवल करिंदा मौजूद था। कुछ देर बाद दोनों फिर ठेके पर आए।



### 50% हिस्सेदारी नहीं दी तो ठेका बंद करवा देंगे

शिकायतकर्ता को फोन कर धमकी दी कि अगर ठेके में 50 फीसदी हिस्सेदारी नहीं दी गई तो ठेका बंद करवा देंगे। इसके बाद दोनों ने ठेके पर हवाई फायरिंग की और जबरन शटर बंद कर दिया। इसी दौरान शिकायतकर्ता मौके पर पहुंचा। आरोपियों ने उसके साथ धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने विशेष टीम बनाई। टीम न सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई डस्टर गाड़ी, एक दोनाली बंदूक (12 बोर), दो खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना भूना में आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय दंड संहिता की धारा 309(6)(5) के तहत केस दर्ज किया है।

# खापों की हिंदू मैरिज एक्ट में संशोधन की मांग

## सरकार को दिया 27 सितंबर तक का समय


जींद। कपास मंडी में आयोजित महापंचायत में भाग लेते खाप प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

कपास मंडी में शैड के नीचे हिंदू मैरिज एक्ट में संशोधन, समगोत्र विवाह पर रोक समेत कई सामाजिक मुद्दों को लेकर रविवार को सर्वखाप महापंचायत का आयोजन हुआ। प्रदेश भर से सरपंच, सामाजिक संगठन, खापों के प्रतिनिधिए अधिवक्ता एवं बुद्धिजीवी लोग पहुंचे। महापंचायत का मुख्य उद्देश्य हिंदू मैरिज एक्ट में संशोधन की मांग को लेकर है। महापंचायत के माध्यम से हिंदू मेरिज एक्ट में संशोधन, समगोत्र विवाह पर रोक, सैमलैगिंक विवाह रोक, एक गांव गुहांड में विवाह में रोक, लिव इन रिलेशनशिप पर रोक की मांग की। 27 सितंबर तक सरकार को इन मांगों पर विचार करने का समय महापंचायत ने दिया। 28 सितंबर को सोनीपत में समीक्षा बैठक होगी।

- प्रदेश भर से पहुंचे खाप चौधरी
- 28 सितंबर को सोनीपत में बुलाई समीक्षा बैठक

### एक ही गांव में शादी से बढ़ रही समस्या

वक्ताओं ने कहा कि एक ही गांव में शादी होने से बड़ी समस्या पैदा हो रही है। आपसी सहमति संबंध कानून के चलते बहुत हत्याकांड हो रहे हैं। ऐसे में कानून में बदलाव किया जाना बहुत जरूरी है। समाज में सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है और जब भी मौका मिले इसमें सुधार करना चाहिए ताकि समाज निरंतर आगे बढ़ सके। महापंचायत में एक गांव और एक गोत्र में शादी तथा लिव इन रिलेशनशिप पर रोक लगाने की मांग की। खाप पंचायतें लंबे समय से इन मुद्दों पर चिंता जता रही हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता सर्वजातीय सर्व खाप सूबे सिंह समैण ने कहा कि हमारी बातों पर सरकार विचार करें। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन हरियाणा प्रधान रणबीर गिल, प्रवीण सरपंच रेवाड़ी, सुधीर बुआना जींद, राजेंद्र तोशाम, राजेश टोहाना, सोनिया दूहन, सुरेश सहारण सिवानी, बिनैन खाप प्रधान रघबीर नैन, संदीप शर्मा उचाना, सतीश जुलाना, रणबीर राठी प्रधान राठी खाप, रोलध खाप प्रधान नागपाल, बैनीवाल पनिहार खाप प्रधान कपूर सिंह, प्रधान दलबीर भराण व अन्य मौजूद रहे।

### 33 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

फरीदाबाद। सरकार के मंत्री राजेश नागर ने सोमवार अपनी विधानसभा क्षेत्र तिगांव में 33 करोड़ के विकास कार्य की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत ग्रेटर फरीदाबाद की मुख्य सडक़ों और गोल चक्करों का निर्माण कार्य किया जाएगा। स्थानीय बुजुर्गों द्वारा नारियल फुड़वाकर विकास कार्य शुरू करवाने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार विकास में लगी है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कैंटर ने ली दो दोस्तों की जान हरिद्वार से लौटते समय हादसा

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के मालवा पेट्रोल पंप के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। हरिद्वार से दिल्ली लौट रहे स्कूटी सवार युवकों को तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी कैंटर में फंस गई और दोनों युवक कई मीटर तक घिसटते चले गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सागर (23) निवासी गांव सौलदा, मेरठ (फिलहाल हरिकेश नगर, दिल्ली) और राजेश निवासी गांव खितौन, जिला बदायूं (फिलहाल कृष्णा कॉलोनी, फरीदाबाद) के रूप में हुई है। दोनों आपस में घनिष्ठ मित्र थे और स्कूटी पर सवार होकर हरिद्वार से दर्शन कर लौट रहे थे। सागर के पिता मनोज कुमार ने बताया कि उनका बेटा और राजेश शनिवार रात को दिल्ली लौट रहे थे। मालवा पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कैंटर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कूटी कैंटर में उलझ गई और दोनों युवक उसके साथ घिसटते चले गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन जब तक घायल अस्पताल पहुंचाए जाते, तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। कुंडली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया।

## प्री मानसून की बारिश न होने से नमी 73% तक बढ़ी, उमस से बेहाल

**फतेहाबाद।** प्रदेश के कई क्षेत्रों में प्री मानसून की बारिश के बाद वहां के तापमान में गिरावट देखने को मिली है जबकि पुराने हिसार जिला में फिर तेज धूप ने लोगों को निराश किया है। इन दिनों यहां का तापमान 36 से 38 डिग्री के पास घूम रहा है जबकि प्री मानसून के संकेत लिए उमस ने भी लोगों को पसीने से भिगोना शुरू कर दिया है। वहीं बिजली के घंटों लग रहे कटों ने उनकी परेशानियों को ओर बढ़ा दिया है। रविवार को यहां मौसम में नमी की मात्रा 73 फीसदी रही। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हरियाणा में मानसून आने में अभी एक सप्ताह का समय पड़ा है। अनुमान है कि 28 जून के आसपास मानसून प्रदेश में प्रवेश करेगा जबकि मौसम विभाग ने 23 जून को बूंदाबांदी व बारिश की भविष्यवाणी की है।



विभाग ने 25 जून के दौरान तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की भी संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसूनी हवाएं इस बार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों तरफ से आ रही हैं, जिससे अच्छी बारिश की उम्मीद बढ़ गई है।

जब दोनों दिशाओं से नमी भरी हवाएं टकराती हैं, तो कई बार भारी बारिश भी होती है। राजस्थान और यूपी की ओर से हरियाणा में मानसून की एंट्री की संभावना जताई गई है। खासकर प्रदेश के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की हवाएं टकराने से जोरदार बारिश हो सकती है।

### मानसून की रफ्तार ने पकड़ी तेजी

मौसम विभाग का कहना है कि इस बार मानसून की रफ्तार काफी तेज है और यह तय तारीख से पहले भी हरियाणा में आ सकता है। आमतौर पर मानसून 8 जुलाई तक पूरे देश में पहुंचता है, लेकिन इस बार जून में ही इसकी स्पीड काफी अच्छी है जिस कारण इसके समय से पहले पहुंचने की संभावना जताई गई है। रविवार को यहां सुबह तेज धूप और उमस ने लोगों को चिलचिलाती गर्मी से बेहाल किया। दोपहर 3 बजे के आसपास आसमान में बादल छाये तो लोगों को बारिश उम्मीद जगी लेकिन उम्मीद के विपरीत फिर वही हालात बने कि बादल बिना बरसे ही चले गए। बादल छाने से तापमान में जरूर कुछ गिरावट आई।

## अमेरिका भेजने के नाम पर 1.20 करोड़ रुपये ठगे, केस दर्ज

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र में चार युवकों को अमेरिका भेजने के नाम पर एक करोड़ 20 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपी ने युवकों से रुपये लेकर उन्हें अमेरिका भेजने की बजाय दुबई और अफ्रिका जैसे देशों में रखा। इसके बाद कई माह तक वहां रहने के बाद उनको वापस भारत लौटना पड़ा। यहां आकर रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। पूंडरी थाना में दी शिकायत में गांव भाणा निवासी सलिंद्र कुमार ने बताया कि साल 2022 में दिल्ली में उसकी मुलाकात वहां के निवासी पंकज कुमार से हुई। पंकज ने बताया कि वह युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। इस बारे में उसने स्वयं, उसके मामा के लड़के साहिल, सुशील कुमार व विनोद निवासी गांव मटौर को विदेश भेजने के बारे में बातचीत की।सलिंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी ने उनको 42 लाख रुपये में अमेरिका डंकी रूट से भेजने की बात कही। अप्रैल 2022 में आरोपी उन युवकों के दस्तावेज ले गया और उनसे रुपए ले लिए। आरोपी ने पहले उनको दुबई भेज दिया और जल्द आगे भेजने की बात कहकर दुबई में करीब दो माह तक रखा। वहां पर सारा खर्चा उन्होंने स्वंय किया। उसके बाद आरोपी ने उनको दुबई से आगे नहीं भेजा। जिसके कारण दो माह बाद भारत स्वयं के खर्चे पर आ गए।

# ईरान-इजराइल युद्ध से बासमती चावल के दामों में 12% की गिरावट

■ युद्ध के कारण ईरान नहीं पहुंच पा रहा चावल ■ करीब डेढ़ लाख टन माल गुजरात में अटका ■ खराब होने का खतरा

नरेश पंवार ⏭ कैथल

ईरान-इजराइल युद्ध के असर भारत के चावल उद्योग पर पडता नजर आ रहा है। युद्ध के कारण अब तक बासमती चावल के दाम 12 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। इसके साथ ही अब प्रदेश से ईरान जाने वाला माल भी युद्ध के कारण वहां नहीं पहुंच पा रहा है। इस समय भी करीब डेढ़ लाख टन माल गुजरात में अटका है। चावल की सप्लाई न होने के कारण इसके खराब होने का भी अब खतरा बना है। हरियाणा राइस मिलर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने बताया कि अब यदि जल्द ही युद्ध पर नहीं लगा विराम तो किसानों को भी आगामी धान के सीजन में नुकसान होगा। उन्हें फसल के दाम भी कम मिल सकते हैं। हरियाणा के निर्यातकों की ओर से काफी संख्या में बासमती चावल ईरान में भेजा जाता है। गुजरात में पड़े करीब डेढ़ लाख टन बासमती चावल को निर्यातक न तो ईरान भेज पा रहे हैं और न ही उसे वापस ला पा रहे हैं। राज्य प्रधान अमरजीत छाबड़ा ने बताया कि युद्ध के कारण चावल का बाजार करीब 12 प्रतिशत टूट चुका है। चावल खराब होने का प्रभाव निर्यातकों की आमदनी पर पड़ेगा। इसके साथ ही अगर वे चावल को वहां भेज नहीं पाते हैं और उनको नुकसान ज्यादा होता है, तो धान के सीजन में किसानों से खरीदी जाने वाली धान की खरीद पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा। किसानों से खरीदे जाने वाले बासमती धान के रेट एक्सपोर्टरों के पास पेमेंट न होने के चलते घट सकते हैं।वहीं ईरान में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में करीब 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात भारत की ओर से किया जाता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत चावल हरियाणा के राइस मिलों की ओर से एक्सपोर्टरों को दिया जाता है। एक्सपोर्टरों को हर तीन से चार महीने में यह चावल ईरान के आयातकों सप्लाई करना होता है, जो अनुमानित करीब 12 लाख टन होता है।



### ईरान पर 3200 करोड़ रुपये बकाया

एक्सपोर्टरों की मानें तो इस समय भी हरियाणा के एक्सपोर्टर करीब तीन लाख टन बासमती चावल ईरान को पहले ही पहुंचा चुके हैं। इसकी कीमत 3200 करोड़ रुपये के करीब है। वह बकाया पेमेंट भी एक्सपोर्टरों के पास अभी तक नहीं पहुंची है। यदि ईरान इजराइल के बीच टकराव की स्थिति बंद नहीं होती है और वहां पर सीजफायर लागू नहीं होता है, तो उनकी पेमेंट आने की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है।

### 1600 करोड रुपये का माल पोर्ट पर पड़ा



अमरजीत छाबड़ा ने बताया कि इस समय 1600 करोड रुपये का माल पोर्ट पर पड़ा है और न ही उधारी में गए माल की पेमेंट आई है। ऐसे में उन्हें आने वाले दिनों में पेमेंट को लेकर दिक्कतें उठानी पड़ सकती हैं। इसका सीधा असर धान की खरीद पर भी पड़ेगा। छाबड़ा ने कहा कि इस समय चावल का बाजार घाटे में चल रहा है। प्रदेश के करीब 300 राइस मिलर इस इंतजार में हैं कि कब उनका माल बिक जाए और पेमेंट आए। अभी व्यापारी परेशान चल रहे है।

**नगर निगम, रोहतक**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. 1HM88PE0 पुरानी प्रोपर्टी आई. डी. नं. 74C228U7 वार्ड नं./पता पुराने एन.डी.सी. रिकार्ड में Swaroop Singh व सर्वे के अनुसार एन. डी.सी. रिकार्ड में Ankur से दर्ज है। अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई. डी. नं. में, प्रार्थी जिसका नाम फुली देवी, शमशेर सिंह, रुगनमल, रोशन लाल, दिलबाग, दर्शना, राजबन्ती देवी, सुदेश, प्रशान्त, अंकित के द्वारा वसीयत / वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते हैं जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

क्रमांक: MCR/ZTO/2025/1766 क्षेत्रीय कराधान अधिकारी,
दिनांक : 19/06/2025 नगर निगम, रोहतक

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5906




**बाएँसेदाए+**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5905 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | प्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |



## खबर संक्षेप

### संसदीय समिति आचार संहिता पर चर्चा करेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद की एक समिति उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास से बेहिसाबी नकदी की बरामदगी के कारण जांच के घेरे में हैं।

### केवल भाजपा तेलंगाना को बचा सकती है : रेड्डी

**हैदराबाद (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रविवार को दावा किया कि केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही तेलंगाना को बचा सकती है और इसे लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूववर्ती भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार और कांग्रेस की मौजूदा सरकार तेलंगाना के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रही। यहां पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए किशन रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### कामाख्या मंदिर में 'अंबुबाची मेला' शुरू

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम के गुवाहाटी में नीलाचल पहाड़ी पर स्थित कामाख्या मंदिर में वार्षिक 'अंबुबाची मेला' रविवार को शुरू हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 25 जून तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में करीब 12 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। चार दिवसीय अंबुबाची मेला हर साल जून में आयोजित होता है।

### 'डिजिटल कनेक्टिविटी' में अरुणाचल की छलांग

**ईटानगर (भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि राज्य 'डिजिटल कनेक्टिविटी' में बड़ी छलांग लगा रहा है तथा प्रौद्योगिकी न केवल दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ रही है, बल्कि समुदायों को सशक्त भी बना रही है। खांडू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य भर में 3,500 से अधिक गांव अब 'फोर जी' मोबाइल कनेक्टिविटी का आनंद ले रहे हैं, जिससे ''डिजिटल अंतराल काफी कम हो गया है जो कभी ग्रामीण क्षेत्रों को देश के बाकी हिस्सों से अलग करता था।''

### उप्र: नगर पंचायतें एक करोड़ का काम कराएंगी

**लखनऊ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देते हुए नगर पंचायतों को एक करोड़ व नगर पालिकाओं को दो करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं कराने की अनुमति दी है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि नगर विकास विभाग ने 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में व्यापक संशोधन करते हुए संचालन प्रक्रिया को अधिक सरल और जवाबदेह बनाया है।

---

छत्तीसगढ़ में एनएफएसयू परिसर व केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला रखी

# नक्सलियों को मानसून में भी चैन से नहीं बैठने देंगे, बारिश में अभियान चलेगा: शाह

### नक्सलियों से हिंसा छोड़ने का अनुरोध

### बातचीत की जरूरत नहीं, हथियार छोड़ दें

हरिभूमि न्यूज/भाषा ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दोहराया कि देश को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी, और इस खतरे को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मानसून के मौसम में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रखा जाएगा। शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं। गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला रखने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने तेजी से प्रगति की है, लेकिन साय की सरकार और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा की उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके




हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया है और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने और नक्सल विरोधी अभियान तेज करने के लिए साय और शर्मा को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, "मैंने पहले भी नवा रायपुर के अटल नगर में कहा था कि यह देश 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। मैं इसे फिर से विश्वास के साथ दोहराना चाहता हूं कि जिस तरह से सुरक्षाबलों ने वीरता दिखाई है, जिस तरह से हमने सटीक रणनीति बनाई है, हम अपना लक्ष्य हासिल करेंगे।" केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, "हर बार बारिश के मौसम में नक्सली थोड़ा आराम करते थे (क्योंकि घने जंगल के अंदर उफनती नदियां और नाले नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालते हैं), लेकिन इस बार, हम उन्हें मानसून के दौरान सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ेंगे।" उन्होंने कहा कि वह नक्सलवाद की राह पर चले गए भटके युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं।

### 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट है। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य सिर्फ नवाचार, बुनियादी ढांचे, औद्योगिक और आर्थिक विकास पर ही केंद्रित नहीं है, बल्कि समय पर न्याय सुनिश्चित करना भी इसमें शामिल है तथा तीन नए कानून समय पर न्याय सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।" उन्होंने कहा, "एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) की मदद से भारत कुछ ही सालों में दुनिया में सबसे ज्यादा सजा दर वाले देशों में शामिल हो जाएगा। 160 साल पुराने औपनिवेशिक कानून को खत्म करने के बाद लाए गए नए कानूनों में हमने यह अनिवार्य कर दिया है कि सात साल से ज्यादा की सजा वाले सभी अपराधों के लिए फोरेंसिक विज्ञान टीम का घटनास्थल पर जाना अनिवार्य होगा, इससे पता चलता है कि हमारे देश में फोरेंसिक विज्ञान की अपार संभावनाएं हैं।" कार्यक्रम के दौरान, शाह ने रायपुर के सेजबहार क्षेत्र में एनएफएसयू के ट्रांजिट कैंपस और आई-हब छत्तीसगढ़ का भी उद्घाटन किया। नवा रायपुर में एनएफएसयू कैंपस 145 करोड़ और सीएफएसएल 123 करोड़ से बनेगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने संस्थानों के लिए जमीन दी है।

### शाह आज से दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर

**वाराणसी/लखनऊ (उप्र) (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वाराणसी में प्रस्तावित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम को यहां पहुंचेंगे। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, मध्य क्षेत्रीय परिषद की मंगलवार को 25वीं बैठक प्रस्तावित है जिसमें शाह के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया, " वाराणसी में 24 जून को प्रस्तावित 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम को अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे।" उन्होंने बताया कि इस बैठक में शाह और राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ अन्य मन्त्री और अधिकारी शामिल होंगे। राजलिंगम ने कहा कि बैठक की तैयारी को लेकर कई स्तर पर चर्चा की जा चुकी हैं और बैठक को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। बैठक की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के निर्देशों का भी पालन किया जा रहा है।

---

2024 का सबसे गर्म वर्ष

# 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा 5 वर्षों में पार होने का खतरा

- जयराम रमेश ने इस रिपोर्ट पर अपने एक्स पोस्ट में चर्चा की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विश्व भर के 60 प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, जिनमें भारत के दो वैज्ञानिक शामिल हैं, सबने मिलकर इंडीकेटर्स ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट चेंज 2024 नामक तीसरा वार्षिक अद्यतन प्रकाशित किया है। यह व्यापक रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन के प्रमुख संकेतकों जैसे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, समुद्र तल वृद्धि, और पृथ्वी की ऊर्जा असंतुलन पर गंभीर जानकारी प्रस्तुत करती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने आज इस रिपोर्ट पर अपने एक्स पोस्ट में चर्चा की, जिसमें उन्होंने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता और कुछ सकारात्मक संकेतों पर प्रकाश डाला। जयराम रमेश ने लिखा, विश्व भर के प्रतिष्ठित संस्थानों के 60 वैज्ञानिकों, जिनमें भारत के दो वैज्ञानिक शामिल हैं, ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन संकेतकों का तीसरा वार्षिक अद्यतन प्रकाशित किया है। यह एक व्यापक विश्लेषण है। इस अद्यतन में आशा की एक हल्की सी किरण है कि पिछले दशक में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की वृद्धि दर 2000 के दशक की तुलना में धीमी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि समुद्र तल वृद्धि तेज हो रही है, पृथ्वी की ऊर्जा असंतुलन बढ़ गया है, और सभी ग्रीनहाउस गैसों का वर्तमान उत्सर्जन स्तर 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पांच वर्षों में पार कर सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष था।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन



### आशा की किरण, पर चुनौतियां बरकरार

रिपोर्ट में एक सकारात्मक संकेत है कि पिछले दशक (2014-2023) में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की वृद्धि दर 2000 के दशक की तुलना में धीमी हुई है। 2010 के दशक में 2.5 फीसदी प्रति वर्ष की वृद्धि दर 2020 के दशक में घटकर 1 फीसदी प्रति वर्ष हो गई है। यह सौर, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग का परिणाम है। हालांकि, 2024 में वैश्विक कार्बन उत्सर्जन 45.8 बिलियन टन तक पहुंच गया।

### समुद्र तल वृद्धि: तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा

वैश्विक समुद्र तल 2019 और 2024 के बीच 26 मिलीमीटर बढ़ा, जो 1993-2002 की तुलना में दोगुना तेज है। 2015-2024 में समुद्र तल वृद्धि की दर 4.7 मिलीमीटर प्रति वर्ष रही, जो ग्लेशियरों के पिघलने और समुद्र के थर्मल विस्तार के कारण है। यह तटीय शहरों और छोटे द्वीपों के लिए गंभीर खतरा है। पृथ्वी की ऊर्जा असंतुलन, जो सूर्य से अवशोषित और अंतरिक्ष में वापस विकिरणित ऊर्जा के बीच का अंतर है, पिछले दशक की तुलना में 25 फीसदी तक बढ़ गया है।

---

## बिहार में निर्वाचन आयोग वोटर सूची को घर घर जाकर सत्यापन की योजना बनाई

**नई दिल्ली(भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। विभिन्न नागरिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों और अन्य लोगों द्वारा मतदाता सूची में नामों को शामिल करने या हटाने को लेकर लगातार चिंता जताई गई है। कांग्रेस समेत कई दलों ने आयोग पर भाजपा की मदद करने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने अफसोस जताया कि विस्तृत प्रोटोकॉल का पालन करने के बावजूद आयोग पर मतदाता सूची में मनमाने ढंग से नाम बढ़ाने के लिए अक्सर आरोप लगाए जाते हैं, जबकि यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ और राजनीतिक दलों की निरंतर निगरानी के तहत की जाती है। सूत्रों ने बताया कि निर्वाचन आयोग बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच करते समय हर घर जाकर पूरी सावधानी से सत्यापन करना चाहता है।




---

निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

## पूछा, आप गुलामों की तरह अंग्रेज़ी पर क्यों गर्व करते हैं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नेता निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने स्थानीय भाषाओं के बजाय अंग्रेजी सीखने को प्रोत्साहित करने के कांग्रेस नेता के इरादों पर सवाल उठाया। निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी जी आपका खोजी सलाहकार आपको बर्बाद करने पर उतारू है, यह आपके पिताजी के द्वारा देश को दी गई शिक्षा नीति 1986 का है, इसमें आपके पिताजी हिंदी को बढ़ावा देने, संस्कृत भाषा को सिखाने तथा क्षेत्रीय भाषाओं में अंग्रेज़ी से अनुवाद करने का वादा देश से कर रहे हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि यही शिक्षा नीति लगभग अभी चल रही है,क्षेत्रीय भाषाओं के साथ भी विद्यार्थी बढ़े इसमें बदलाव अभी माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2020 में किया है। रुस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, अरब देश, जापान, कोरिया सभी को अपनी भाषा पर गर्व है और वह विकसित है, आप गुलामों की तरह अंग्रेज़ी पर क्यों गर्व करते हैं।

---

भाजपा पर निशाना साधा

## सपा की सरकार बनने पर स्त्री समृद्धि सम्मान योजना शुरू होगी: अखिलेश

- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले-गरीब महिलाओं को 3000 रुपये मिलेंगे

भाषा ⏭ लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी 2027 में प्रदेश में सरकार बनाने के बाद 'स्त्री सम्मान समृद्धि' योजना शुरू करेगी और गरीब महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपये देगी। सपा मुख्यालय में रविवार को पार्टी की



महिला सभा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा और दावा किया कि मौजूदा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव के बाद सपा की सरकार बनने पर महिलाओं की समृद्धि और सम्मान के लिए योजनाएं चलाई जाएंगी। यादव ने कहा कि स्त्री सम्मान समृद्धि' योजना लागू करके उत्तर प्रदेश की सभी गरीब महिलाओं की मदद करने का काम समाजवादी (पार्टी) की सरकार में किया जाएगा।

---

*'योगांध्र' के गिनीज रिकॉर्ड बनाने पर मोदी ने आंध्र की जनता को सराहा*

## योग को जीवन का 'हिस्सा' बनाने के लिए आंदोलन को मजबूत करना प्रेरणादायी होगा

एजेंसी ⏭ अमरावती

### कार्यक्रम में 3,00,105 लोगों ने हिस्सा लिया

### नायडू ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया

योगांध्र 2025' कार्यक्रम के गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से उन्होंने योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आंदोलन को मजबूत किया है। यह कार्यक्रम हमेशा लोगों को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रेरित करेगा। भारत सरकार के इस कार्यक्रम में कुल 3,00,105 लोगों ने हिस्सा लिया। अब तक के सबसे बड़े योग सत्र का रिकॉर्ड बनाया।



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, योग एक बार फिर लोगों को साथ लाता है। आंध्र प्रदेश के लोगों को बधाई, जिस तरह से उन्होंने योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आंदोलन को मजबूत किया है। इससे पहले कार्यक्रम के गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने पर सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने इसे आंध्र प्रदेश के नागरिकों की उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी का धन्यवाद अदा करता हूं, जिन्होंने इसे संभव बनाया। आपका उत्साह और समर्पण प्रेरणादायक रहा। यह रिकॉर्ड दिखाता है कि जब हम एकजुट होकर काम करते हैं, तो क्या हासिल कर सकते हैं। सभी को बधाई।

---

एकीकृत रणनीति से अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी

## क्रिमिनल किसी राज्य के हों, रेलवे में अपराध किया तो खैर नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे में अपराध नियंत्रण और यात्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 6वां अखिल भारतीय सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रमुख सम्मेलन हाल ही में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), रेल मंत्रालय और विभिन्न राज्यों की जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य एक एकीकृत राष्ट्रीय रणनीति को लागू करना था, जिसमें खुफिया जानकारी साझा करना, समन्वित अभियान चलाना, और रेल मदद ऐप के माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के एकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा, अंतर-राज्य अपराधों का मुकाबला करने और विशेष रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए तकनीक के उपयोग पर गहन विचार-विमर्श हुआ।



एकीकृत रणनीति और यात्री सुरक्षा पर एकीकृत रणनीति से अपराधियों पर नकेल कसा जाएगा। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि जीआरपी और आरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय, खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान, और संयुक्त रणनीतियाँ रेलवे सुरक्षा को नए आयाम प्रदान करेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सम्मेलन रेलवे में अपराध नियंत्रण और यात्री सुरक्षा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। रेल मदद के माध्यम से एफआईआर एकीकरण सम्मेलन में रेल मदद ऐप को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई, जिसके जरिए यात्री आसानी से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से एफआईआर के एकीकरण की प्रक्रिया को तेज करने की योजना बनाई गई है, ताकि अपराध की शिकायतें तुरंत दर्ज हो सकें और संबंधित जीआरपी को हस्तांतरित की जा सकें। अंतर-राज्य अपराधों पर नियंत्रण भारतीय रेलवे का नेटवर्क कई राज्यों से होकर गुजरता है, जिसके कारण अंतर-राज्य अपराध जैसे मानव तस्करी, नशीले पदार्थों की तस्करी, और अवैध हथियारों की तस्करी एक बड़ी चुनौती हैं। सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि जीआरपी और आरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय और खुफिया जानकारी साझा करने से इन अपराधों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सकता है। आरपीएफ की 'प्रबल' पहल, जो बिग डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करती है, टिकट दलाली, मानव तस्करी, और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। 2024 में इस पहल के तहत 150 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई और कई तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। महिला यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, सम्मेलन में आरपीएफ की 'मेरी सहेली' पहल की सराहना की गई। इस पहल के तहत महिला आरपीएफ कर्मी ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं से संपर्क करती हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। तकनीक का उपयोग और नवाचार सम्मेलन में तकनीक को रेलवे सुरक्षा का आधार बनाने पर जोर दिया गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और बिग डेटा एनालिटिक्स के उपयोग से संदिग्ध गतिविधियों का पहले ही पता लगाया जा सकता है। पश्चिम रेलवे द्वारा शुरू किया गया एआई-संचालित चेहरा पहचान प्रणाली अपराध का पता लगाने में प्रभावी साबित हुई है। इसके अलावा, माल ढुलाई की सुरक्षा के लिए जीपीएस-सक्षम इलेक्ट्रॉनिक सील का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जो चोरी और छेड़छाड़ को रोकने में मदद करता है।

### अचानक पानी छोड़ने से 4 प्रखंडों में आई बाढ़: सांसद सारंगी

हरियाणा सरकार | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

VIVADON SE SAMADHAN SCHEME (VSSS) 2024
विवादों से समाधान योजना - 2024

ध्यान दें! HSVP प्लॉट धारकों के लिए सुनहरा अवसर!
क्या आप अपने प्लॉट की लंबित एन्हांसमेंट (Enhancement) लागत से परेशान हैं?

कम राशि में भुगतान करने का सुनहरा मौका।

VSSS-2024 के तहत, आप अपनी बकाया एन्हांसमेंट (Enhancement) राशि को रियायती दर पर निपटा सकते हैं। यह सीमित समय के लिए विशेष अवसर है, जिससे आप अपनी देनदारियां आसानी से समाप्त कर सकते हैं।

- कम भुगतान करें – VSSS 2024 के तहत रियायती दर पर निपटान
- झंझट मुक्त प्रक्रिया – कोई कानूनी जटिलता नहीं
- सीमित समय के लिए ऑफर – अभी आवेदन करें!

यह योजना विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले आवासीय प्लॉट, फ्लोर वाइस रजिस्ट्रेशन, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, साथ ही संस्थागत और औद्योगिक प्लॉट वाले सभी आवंटियों और प्लॉट धारकों के लिए उपलब्ध है। यह योजना 140 सेक्टरों में फैली हुई है और 5000 से अधिक आवेदकों के लिए 550 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान करती है।

619 आवंटी पहले ही इस पहल का लाभ उठा चुके हैं, और अब आपकी बारी है इस अवसर का लाभ उठाने की।

इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2025 है। प्लॉट धारक इस तिथि से पहले इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

30.06.2025 से पहले इस स्कीम का लाभ उठाएं

HSVP
Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HUDA Complex, Sector 6,
Panchkula - 134109, Haryana,
Email: ao2branch24@gmail.com

विवादों से समाधान पोर्टल के लिंक के लिए https://vsss.hsvphry.org.in/ पर जाएं

## चिंतन

# शक्तिशाली देश जिम्मेदारी समझे, युद्ध नहीं भड़काए

विश्व औपचारिक रूप से तीसरे युद्ध की तरफ बढ़ रहा है। इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग में अमेरिका की सीधी एंट्री वैश्विक युद्ध छिड़ने की आहट है। विश्व के शक्तिशाली देश होने के नाते अमेरिका की जिम्मेदारी इजरायल व ईरान के बीच बढ़ती अदावत को कम करने की थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीधे तौर पर युद्ध में ही कूद गए हैं। इससे युद्ध के और विनाशक होने का खतरा बढ़ गया है। ईरानी समर्थित आतंकी गुट हमास के एक हमले से शुरू इजरायल व हमास के बीच संघर्ष तेल अवीव व तेहरान के बीच जंग का रूप ले लेगा, इसकी आशंका कम थी, और इसमें अमेरिका सीधे शामिल हो जाएगा, इसकी तो संभावना ही नहीं थी। अमेरिकी राष्ट्रपति को वैश्विक शांति की दिशा में जितनी जिम्मेदारी के साथ पहल करनी चाहिए थी, उसकी काफी कमी खली है। चाहे यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध हो या इजरायल व ईरान के बीच जंग हो, अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र समेत विश्व की महाशक्तियों ने यूएन की वैश्विक शांति के ध्येय को आगे बढ़ाने में सार्थक भूमिका नहीं निभाई है। अमेरिका व यूरोप के अधिकांश देश यूक्रेन के पक्ष में रहे व हथियार और इमदाद दिए। तीन वर्ष से युद्ध जारी है, पर अमेरिका, चीन आदि कोई भी रूस व यूक्रेन के बीच की जंग को खत्म नहीं करा पाए, उलटे वे किसी न किसी के पक्ष में रहे। इजरायल व ईरान के बीच जंग में भी जहां अमेरिका इजरायल के पक्ष में है, तो चीन व रूस की हमदर्दी ईरान के प्रति है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजरायल की ओर से शुरू किए गए हमलों में करीब एक सप्ताह के बाद अब अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। तेहरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच एक दीर्घकालिक दुश्मन को कमजोर करने के लिहाज से यह एक जोखिम भरा कदम है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ सकता है। अमेरिका और इजरायल के अधिकारियों ने कहा है कि 'अमेरिकन स्टील्थ बॉम्बर' और 30,000 पाउंड वजनी 'बंकर-बस्टर बम' ने जमीन के अंदर गहरे में स्थापित ईरानी परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया। 'बंकर-बस्टिंग बम' को 'जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर' के रूप में जाना जाता है, जिसका इस्तेमाल जमीन के भीतर लक्ष्य को भेदने और विस्फोट में किया जाता है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने अपनी खबर में देश के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए हमलों की पुष्टि की। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा है कि वह इस संबंध में सोमवार को बैठक करेंगे। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी अपने विरोधाभासी बयानों के कारण हाल के दिनों में ईरान की आलोचना का शिकार रहे हैं। ईरान ने कहा है कि उसने अमेरिका के हमले के बाद अपने सबसे बड़े बैलिस्टिक मिसाइल 'खोर्रमशहर-4' से इजरायल पर हमला किया है। इस जंग में अमेरिका की सीधी एंट्री ने विश्व के प्रमुख देशों की चिंता बढ़ा दी है। शक्तिशाली देशों को अपनी शांति की जिम्मेदारी समझनी चाहिए और युद्ध को भड़काना नहीं चाहिए। भारत ने ईरान के राष्ट्रपति से बात की है और कूटनीतिक पहल अपनाने की अपील की है। युद्ध के बढ़ने से खाद्य व ऊर्जा आपूर्ति पर नकारात्मक असर पड़ेगा। विश्व पहले से ही सुस्त ग्रोथ की मार से गुजर रहा है। ईरान व इजरायल के बीच जल्द से जल्द युद्ध विराम होना चाहिए और शांति के फार्मूले पर काम होना चाहिए। इजरायल या ईरान का या दोनों का विनाश मानवता का विनाश है।



आर्थिकी
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# ईवी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने भारत

घनी आबादी वाले शहरों में, जहां वाहनों से आने वाला धुंआ बड़ी मात्रा में हवा को प्रदूषित करता है, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग शहरों को अधिक स्वस्थ और रहने योग्य बनाने में सहायक हो सकता है, क्योंकि इनके उपयोग से ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन लगभग न के बराबर होता है। भारत का ईवी क्षेत्र 2030 तक 250 बिलियन डॉलर का उद्योग बन सकता है, जिससे वाहन निर्माण, बैटरी उत्पादन, आपूर्ति शृंखला और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। ऐसे में देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का घरेलू उत्पादन बढ़ना हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है। 'मेक इन इंडिया' इलेक्ट्रिक वाहन, घरेलू उत्पादन, जीडीपी और रोजगार के विस्तार में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग से वायु प्रदूषण को बड़ी हद तक कम किया जा सकता है, क्योंकि इनके उपयोग से ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन लगभग न के बराबर होता है। यह भी कहा जाता है कि जिस बिजली का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी को चार्ज करने के लिए किया जाता है, यदि वो कोयले या गैस से बनती है तो अप्रत्यक्ष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन कुछ हद तक और भी ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन करते हैं। यह भी सही है कि ईवी के निर्माण के समय भी जरूर कुछ हद तक प्रदूषण फैलता है, लेकिन यदि ईवी के कुल जीवन को देखा जाए तो पेट्रोल, डीजन, गैस आदि से चलने वाले वाहनों के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहनों में कहीं कम ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन होता है। इसीलिए घनी आबादी वाले शहरों में, जहां वाहनों से आने वाला धुंआ बड़ी मात्रा में हवा को प्रदूषित करता है, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग शहरों को अधिक स्वस्थ और रहने योग्य बनाने में सहायक हो सकता है। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन के साथ यदि नवीकरणीय स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन हो, स्मार्ट ग्रिड का विकास हो और स्वच्छ बैटरी उत्पादन और उनकी रीसाइकलिंग की भी व्यवस्था भली-भांति की जाए तो शहरों की हवा को ठीक करने में इलेक्ट्रिक वाहनों का बड़ा योगदान हो सकता है। इसलिए दिल्ली और अन्य महानगरों के वातावरण को बेहतर करने और उन्हें रहने योग्य बनाने में इलेक्ट्रिक वाहनों का बड़ा महत्व है। लेकिन इसके साथ ही यह भी ज़रूरी है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में देश आत्मनिर्भर भी बने।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक 250 बिलियन डॉलर का हो सकता है। 2021 में बाजार का मूल्य 1.45 बिलियन डॉलर और 2022 में 3.21 बिलियन डॉलर था। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार तेजी से बढ़ रहा है। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले साल ईवी की बिक्री दस लाख का आंकड़ा पार कर गई और 2030 तक यह संख्या 170 लाख यूनिट तक पहुंचने की उम्मीद है। बाजार में तेजी के रुझान के साथ, देश के अधिकांश कार निर्माताओं ने अपने कुछ सबसे ज्यादा बिकने वाले वर्तमान मॉडल को इलेक्ट्रिक वर्जन में बनाना भी शुरू कर दिया है। काफी समय से इस बात पर विवाद चल रहा था कि अमेरिकी कंपनी टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण करेगी या नहीं। टेस्ला उनकी कारों पर भारत में आयात शुल्क में कमी के लिए पैरवी कर रही थी। उनका तर्क था कि वे अपनी इलेक्ट्रिक कारों को लाकर भारतीय बाजारों को परखना चाहते हैं और इसलिए वे भारत में अपनी स्थिति को परखने के लिए आयात शुल्क में छूट की मांग कर रहे हैं। हालांकि, कंपनी के इस ढुलमुल रवैये से भारत में विनिर्माण सुविधाएं शुरू करने के उनके वास्तविक इरादे पर संदेह पैदा हो रहा था। लेकिन अब यह लगभग स्पष्ट हो गया है कि कंपनी भारत में अपनी टेस्ला कार का विनिर्माण शुरू करने में रुचि नहीं रखती है। हाल ही में भारत में ईवी नीति की घोषणा करते हुए सरकार ने भी यह संकेत दिया है कि टेस्ला कंपनी देश में अपनी कारों का विनिर्माण करने में रुचि नहीं रखती है। सरकार ने इस बीच भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण को प्रोत्साहित करने वाली नीति पेश की है। हालांकि नई ईवी नीति 15 प्रतिशत की रियायती




टैरिफ दर पर इलेक्ट्रिक कारों के आयात की भी अनुमति देती है, लेकिन आयातित कारों की कुल संख्या पर 8000 कारों की सीमा है, जिसके बाद आयात शुल्क 115 प्रतिशत तक जा सकता है। नीति में 35,000 डॉलर से अधिक कीमत वाली किसी भी आयातित इलेक्ट्रिक कार पर शुल्क में कटौती की पेशकश की गई है, बशर्ते निर्माता तीन साल के भीतर स्थानीय संयंत्र स्थापित करने के लिए कम से कम 42,500 करोड़ रुपये या लगभग 500 मिलियन डॉलर का निवेश करे। 15 प्रतिशत की यह रियायती ड्यूटी 35,000 डॉलर से कम कीमत वाली कारों पर लागू नहीं होगी। कुल सीमा शुल्क राहत 6,484 करोड़ रुपये तक सीमित होने का अनुमान है। नई ईवी नीति के तहत उद्यमियों को आवेदन जमा करने के लिए जल्द ही एक पोर्टल चालू किया जाएगा। यह पोर्टल कम से कम 120 दिनों तक खुला रहेगा।

केवल वे कंपनियां ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगी, जिन्होंने वाहन विनिर्माण से कम से कम 10,000 करोड़ की बिक्री की है और अचल संपत्ति निवेश में न्यूनतम 3,000 करोड़ रखती हैं। इस योजना के तहत भारतीय और विदेशी दोनों कंपनियां आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। सरकार के अनुसार, नई नीति 'मेक इन इंडिया' पहल का समर्थन करेगी और ऑटोमोबाइल विनिर्माण में भारत की वैश्विक स्थिति को ऊपर उठाने में मदद करेगी। इस नीति की खास बात यह है कि विदेशी वाहन निर्माता जैसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला, चीनी कंपनी बीवाईडी आदि सरकार की ईवी नीति के प्रति बहुत ठंडा रुख अपनाए हुए हैं। जहां तक टेस्ला का सवाल है, उसने भारत में अपनी तैयार कार के लिए डीलरों का चयन शुरू किया है, लेकिन वो भारत में कार बनाने के लिए इच्छुक नहीं है। दूसरी तरफ चीन की कंपनी बीवाईडी इसलिए निवेश के प्रति ठंडा रुख रखे हुए हैं, क्योंकि भारत सरकार सुरक्षा कारणों से चीन जैसे देश की कंपनियों, खासतौर पर इलेक्ट्रॉनिक से जुड़ी कंपनियों को भारत में प्रवेश देने के लिए इच्छुक नहीं है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ बड़ी वैश्विक कंपनियां भारत में इलेक्ट्रिक कार उत्पादन हेतु निवेश कर सकती हैं, लेकिन इन कंपनियों की इलेक्ट्रिक कारें अपने देशों में भी कोई विशेष बाजार नहीं बना पाई। ऐसे में वो भारत जैसे देश में जहां टाटा और महिन्द्रा जैसी बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में भी काफी आगे बढ़ चुकी हैं, के सामने कैसे टिक पाएंगी, यह एक बड़ा सवाल उनके सामने है। विभिन्न राष्ट्रीय अध्ययनों और विश्लेषणों से पता चलता है कि भारत में, पर्यावरण की रक्षा हेतु किए जा रहे प्रयास पर्यावरण ही नहीं वित्तीय लाभ भी उत्पन्न कर सकते हैं, और रोजगार सृजन का बड़ा स्रोत हो सकते हैं। इस संदर्भ में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी द्वारा एक बड़ा योगदान संभव है।

भारत का ईवी क्षेत्र 2030 तक 250 बिलियन डॉलर का उद्योग बन सकता है, जिससे वाहन निर्माण, बैटरी उत्पादन, आपूर्ति शृंखला और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। ऐसे में देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का घरेलू उत्पादन बढ़ना हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विदेशी कंपनियां भारत में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं, इसका एक और कारण यह है कि टाटा और महिंद्रा जैसी घरेलू कंपनियां अपने विदेशी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बहुत कम लागत पर इलेक्ट्रिक वाहन बना रही हैं। देश में लग्जरी कारों का बाजार बहुत छोटा है। इसलिए, लग्जरी कार वर्ग में बड़े पैमाने पर उत्पादन की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। हालांकि, बड़े शहरों में प्रदूषण को कम करने में मदद के लिए इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है और उस संदर्भ में, 'मेक इन इंडिया' इलेक्ट्रिक वाहन, घरेलू उत्पादन, जीडीपी और रोजगार के विस्तार में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पश्चिम एशिया
डॉ. एस.डी. वैष्णव



# अमेरिका की एंट्री से खतरनाक हुई जंग

किसने सोचा था कि 21वीं सदी वैज्ञानिक उन्नति से मनुष्य जीवन को खुशहाल बनाने की बजाय मनुष्यता के विनाश की ही महागाथा लिखेगी। आज मध्य-पूर्व सुलग रहा है। इज़रायल-ईरान में भयंकर युद्ध छिड़ा हुआ है। इस जंग में अब अमेरिका की सीधी एंट्री हो गई है। अमेरिका ने अपने बी-2 बमवर्षक विमानों से ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु संवर्धन केंदों पर हमला करके ईरान को दहला दिया। अमेरिका पिछले कई दिनों से इस तैयारी में लगा हुआ था और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को लगातार न्यूक्लियर फैसिलिटी तथा लंबी दूरी की मिसाइलों के निर्माण को बंद करने की चेतावनी दे रहे थे। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा है कि शक्ति के जरिए ही मध्य-पूर्व में शांति कायम की जा सकती है। उधर इस हमले के बाद ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। इज़रायल-ईरान जंग के बहाने अमेरिका ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रमों पर रोक लगाना चाहता है। इज़रायल वर्षों से ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता रहा है। इसलिए इज़रायल ने पहले ईरान के प्रोक्सी संगठनों - हमास, हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों को बैकफुट पर धकेलकर अब सीधे ईरान के साथ युद्ध में कूद पड़ा है। बहरहाल, अमेरिका ने अपने मनसूबे साफ़ कर दिए हैं।

इस युद्ध से चाहे तेल अवीव हो या तेहरान, दोनों ओर के आम नागरिक मारे जा रहे हैं या विस्थापन को मजबूर हैं। ईरान में हुई 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से अमेरिका में जाबसे और राजतंत्र के वंशज रहे पूर्व क्राउन प्रिंस रज़ा पहलवी और फ्रांस में रह रहे ख़ामेनेई के भतीजे महमूद मुरादखानी तेहरान में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। लिहाजा, इसमें कोई संदेह नहीं कि पर्दे के पीछे ईरान में तख्तापलट की पटकथा भी लिखी जा रही हो! युद्ध के कारण दोनों ओर के महत्वपूर्ण संसाधन नष्ट हो रहे हैं। आर्थिक ढांचा बेपटरी हो रहा है। सालों की मेहनत से खड़े किए गए सपनों के महल पलभर में मलबे में तब्दील हो रहे हैं। प्रमुख व्यापारिक एवं सांस्कृतिक केंद्र, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, सैन्य और रणनीतिक केन्द्र राख में बदल रहे हैं। दौड़ते-भागते बंकरों और सुरक्षित स्थानों पर अपने लिए जगह तलाशते लोगों के आँसू उनकी पीड़ा को बयां कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू ईरानी नागरिकों से तेहरान छोड़ने को भी कह चुके हैं। इधर ईरान ने भी लोगों से तेल अवीव खाली करने को कहा है। दोनों ओर से लोगों ने पलायन भी शुरू कर दिया है। विस्थापन का दंश बहुत भयंकर होता है। निश्चित रूप से विज्ञान की उन्नति ने मनुष्यता के सामने संकट उत्पन्न किया है। इज़रायल द्वारा तेहरान पर किए गए हमले के बाद ईरान ने अपनी बैलिस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों से इज़रायल में तांडव मचाया, लेकिन आईडीएफ की जवाबी कार्रवाई में ईरान में भी बहुत नुकसान हुआ। एक अक्टूबर 2024 को जब ईरान ने इज़रायल पर पहली बार 200 बैलिस्टिक मिसाइलों से एक साथ हमला किया, तब से इजरायल ईरान पर आक्रामक रुख अपनाए हुआ था। अब युद्ध विध्वंसक मोड़ पर है। संवाद करने की बजाय, क्या मध्य-पूर्व के बहाने हम तीसरे विश्वयुद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? अमेरिकी और चीनी हथियार दोनों ओर कार्गो विमानों से लगातार पहुँच रहे हैं। यानी महाशक्तियां युद्ध को विस्तारित करना चाहती हैं। क्या हम फिर से हिरोशिमा-नागासाकी जैसी ह्रदय विदारक घटना को जन्म देंगे? आज सामने फिर वही अमेरिका और वही परमाणु विध्वंस का खतरा। युद्ध अगर इसी तरह मुसलसल चलता रहा, तो दोनों देश विकास के लिहाज से कई वर्ष पीछे चले जाएंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध से यूरोपीय देश पहले से ही प्रभावित हैं। इधर पश्चिम एशिया की यह अशांति निश्चित रूप से वैश्विक अस्थिरता को जन्म देगी। युद्ध सभ्य समाज की निशानी नहीं है। मनुष्यता की रक्षा के लिए मध्य-पूर्व में परमाणु प्रलय न आए, इसके लिए इन युद्धों को रोकना होगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव कूटनीति और संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर जोर देते रहे हैं। युद्धों से किनारा चाहने वाले अन्य देशों को भी आगे आकर वैश्विक शांति के लिए अपना हस्तक्षेप करना चाहिए। अन्यथा युद्ध के परिणाम बहुत घातक होंगे। मध्य-पूर्व में युद्ध की विभीषिका के बीच कवि बिलाल पठान की एक कविता ज़ेहन में ध्वनित हो रही है- 'युद्धों के निर्णय हमेशा शून्य आते हैं/ एक दिन आग से मुठभेड़ करते हुए, पानी मारा गया/ और एक दिन पानी से मुठभेड़ करते हुए, आग मारी गई।'

(लेखक सामरिक मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव का रूप



संकलित
**दर्शन**

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, ह्रदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुख नहीं आएंगे



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सकें। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### योग करके पाएं निरोगी काया

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को हरी झंडी दी थी। योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलना भारत के लिए गर्व की बात है। इस बार योग दिवस की थीम है 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग।' सारी पृथ्वी हमारा परिवार है और परिवार के हर सदस्य का तंदुरुस्त रहना भी जरूरी है। अगर घर का एक सदस्य भी बीमारी से घिर जाता है तो यह सारे परिवार के लिए चिंता का विषय हो जाता है। इसलिए योग सारी दुनिया के लिए जरूरी है। पृथ्वी से बीमारियों को दूर भगाना है तो सारी दुनिया को योग अपनाना होगा। इसके साथ ही हमें पृथ्वी के संरक्षण के लिए भी काम करना होगा। पृथ्वी का संरक्षण भी हमें बीमारियों से बचाएगा। हर तरह का प्रदूषण बीमारियों को न्योता देता है। योग से निरोगी काया मिलती है। *– पुनीत यादव, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

# इमरान खान की पार्टी के कई नेताओं को अदालत से राहत

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अदालतों ने राहत दी है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।



'डॉन' समाचार पत्र के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर अल खान और नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब समेत पार्टी के विभिन्न नेताओं को शनिवार को इस्लामाबाद की एक अदालत ने पिछले साल के दो विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। इस्लामाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद अहमद ने पिछले साल 26 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में फैसला सुनाया। विरोध मार्च कथित तौर पर धारा 144 और अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए पीटीआई नेता शोएब शाहीन के कार्यालय से कराची कंपनी की ओर बढ़ गया था। सभी दलीलें सुनने के बाद अदालत ने बैरिस्टर गौहर, उमर अयूब, अली बुखारी, शोएब शाहीन, मलिक रफीक, आमिर डोगर, आमिर मुगल और अन्य को बरी कर दिया। इस बीच, लाहौर की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने नौ मई, 2023 के दंगों के एक मामले में पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को जमानत दे दी।

## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर



भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। ह्रदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। ह्रदय सहनशक्ति व्यायाम ह्रदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

## ट्रेंड

### ईरान से चर्चा




ईरान के राष्ट्रपति से हमने मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। आगे बढ़ने के लिए तत्काल तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति के लिए अपना आह्वान दोहराया और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली की मांग की।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'नशा मुक्त' चरखी दादरी



चरखी दादरी को हरियाणा का पहला 'नशा मुक्त' जिला घोषित किया जाना, नशे के विरूद्ध युद्ध करने वाले हर देशवासी के लिए एक बहुत बड़ी खबर है। जागरूक समाज, प्रशासन और प्रदेश के मेरे परिवारजनों के सहयोग से हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में हमारे कदम बढ़ चुके हैं।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### आधुनिक परिवहन



आधुनिक परिवहन अब विलासिता नहीं रह गया है, यह राज्य में हजारों लोगों के लिए रोज़मर्रा की वास्तविकता है। 141 इलेक्ट्रिक बसों के शुरू होने के साथ ही गोवा में शहरी परिवहन नए युग में प्रवेश कर गया है।
**-डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### बेरोज़गारी बढ़ी



"मेक इन इंडिया" ने फैक्ट्री बूम का वादा किया था। तो फिर विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवा बेरोज़गारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर क्यों है, और चीन से आयात दोगुने से ज्यादा क्यों हो गया है?
**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, कांग्रेस**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





### चौथे दिन रिंग में दिखा युवा मुक्केबाजों का जोश, दिग्गज हस्तियां रहीं मौजूद

# नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में यथार्थ को पछाड़ अमन, श्रीवर्षा को हरा जीनत प्री-क्वार्टर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

## खिलाड़ियों ने अपने तकनीकी कौशल और मानसिक मजबूती का परिचय दिया

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के चौथे दिन युवा मुक्केबाजों ने रिंग में दमखम दिखाते हुए शानदार मुकाबले खेले। इस मौके पर मुख्यातिथि अजय अहलावत, बिट्टू पहलवान अंतरराष्ट्रीय पहलवान (बेरी), एडवोकेट सोनू, भूषण सैनी सचिव गुरुग्राम बॉक्सिंग एसोसिएशन, एडवोकेट नवीन अध्यक्ष, गुरुग्राम बॉक्सिंग एसोसिएशन, कैप्टन प्रवीर कोषाध्यक्ष हरियाणा बॉक्सिंग संघ, अरुण डागर उपाध्यक्ष सिक्किम बॉक्सिंग एसोसिएशन रहे। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि देशभर से आई टीमों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने कौशल, रणनीति और फुर्ती के दम पर दर्शकों का दिल जीत लिया। ब्वायज कैटेगरी में चंडीगढ़ के यथार्थ पुहल को पछाड़ते हुए अमन कुमार ने जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबला कड़ा था, लेकिन अमन ने तकनीकी पंचों और रक्षात्मक चतुराई से बढ़त बनाए रखी और निर्णायक राउंड में बाजी मार ली। वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में भी जोरदार मुकाबला देखने को मिला, जहां जीनत मलिक ने श्रीवर्षा को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जीनत ने पूरे आत्मविश्वास और सधे हुए अंदाज़ में खेलते हुए रिंग में अपना वर्चस्व साबित किया। चैंपियनशिप में विभिन्न भार वर्गों के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें खिलाड़ियों ने अपने तकनीकी कौशल और मानसिक मजबूती का परिचय देते हुए शानदार खेल दिखाया।

हर राउंड में मुक्केबाजों ने रणनीतिक समझ, तेज गति और संतुलन से मुकाबले में बढ़त बनाने का प्रयास किया, जिससे दर्शक रोमांचित हो उठे।

### राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज देने वाला आयोजन बनकर उभर रही चैंपियनशिप

*छठी नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप न केवल खिलाड़ियों के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक मंच, बल्कि देश को भविष्य के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज देने वाला आयोजन बनकर उभर रहा है। अमन कुमार और जीनत मलिक जैसे युवा खिलाड़ी इस बात का प्रमाण हैं कि भारत में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, जरूरत है तो सिर्फ उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर देने की।*



## खबर संक्षेप



### आर्चर भारत के खिलाफ खेल सकते हैं दूसरा टेस्ट

**लंदन।** चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे हालांकि उनका नाम काउंटी चैम्पियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं।'

### हॉकीः भारत ने बेल्जियम को 4-3 से हराया

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आखिर में अपना जलवा दिखाकर रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेल्जियम को 4-3 से पराजित करके अपनी पहली जीत दर्ज की और इस तरह से लगातार सात मैच में हार का सिलसिला खत्म किया। सुखजीत सिंह (21वें, 35वें), अमित रोहिदास (36वें) और हरमनप्रीत सिंह (59वें) के गोल की मदद से भारत ने अपने अभियान का जीत के साथ सकारात्मक अंत किया। भारत इस तरह से आयरलैंड से 14 अंक आगे रहते हुए आठवें स्थान पर रहा।

### रोहित ने राष्ट्रीय तैराकी में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

**भुवनेश्वर।** तमिलनाडु के तैराक बी बेनेडिकटन रोहित ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' निकाला। रोहित ने कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में 52.57 सेकेंड का समय लिया। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2009 में बनाए 52.77 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया। उन्होंने दो बार के ओलंपियन साजन प्रकाश के 53.24 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया।

### राहुल और गिल नाबाद, बुमराह को 5 विकेट

# इंग्लैंड को 465 रन पर आउट करने के बाद भारत को कुल 96 रन की बढ़त

एजेंसी ⏭ लीड्स

जसप्रीत बुमराह (83 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट से इंग्लैंड को 465 रन पर आउट करने के बाद भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 90 रन बनाकर पहले क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित तीसरे दिन अपनी कुल बढ़त 96 रन तक पहुंचाई। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (नाबाद 47, 75 गेंद, सात चौके) और साई सुदर्शन (30) ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े लेकिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (18 रन पर एक विकेट) ने दिन का खेल खत्म होन से कुछ समय पहले सुदर्शन को जैक क्राउली के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। बारिश के कारण जब समय से पहले दिन का खेल समाप्त किया गया तब कप्तान शुभमन गिल छह रन बनाकर राहुल का साथ निभा रहे थे। इससे पहले बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा (128 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (122 रन पर दो विकेट) ने पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड पर भारत को छह रन की मामूली बढ़त दिलाई। हैरी ब्रूक (99 रन, 112 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) एक रन से शतक से चूक गए।






#### एक नहीं मिले तीन जीवनदान

1. बूक को पहला जीवनदान मिला था दूसरे दिन आखिरी ओवर में। बुमराह की छोटी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने उनका कैच लपक लिया था, लेकिन यहां किस्मत ने उनका साथ दिया। ये गेंद नौ बॉल थी। बूक दूसरे दिन बिना खाता खोले नाबाद लौटे थे।
2. दूसरे दिन उन्हें एक और जीवनदान मिला जब वह 42 रनों पर थे। रवींद्र जडेजा की गेंद ने उनके बल्ले का किनारा लिया जिसे विकेटकीपर पंत अपने दस्तानों में कैद नहीं कर पाए।
3. बूक को तीसरा जीवनदान 82 के कुल स्कोर पर मिला। इस बार भी गेंदबाज बुमराह थे। ऑफ स्टम्प के बाहर की गेंद को बूक ने खेला और गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया। गेंद गई स्लिप में खड़े यशस्वी के पास गई जिन्होंने ये कैच टपका दिया।

#### अंत में कैच आउट

बूक शतक के करीब पहुंचे। लग रहा था कि वह शतक बना लेंगे। तभी प्रसिद्ध कृष्णा की एक बाउंसर ने उन्हे डीप स्क्वायर लेग पर शार्दुल ठाकुर के हाथों आउट कर दिया। ठाकुर ने इंग्लिश बल्लेबाज को चौथा जीवनदान नहीं दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 112 गेंदों का सामना किया जिनमें से 11 पर चौके और दो पर छक्के मारे।

#### डकेट के भी दो कैच छोड़े

इस मैच में भारतीय टीम की फील्डिंग सवालों के घेरे में है। टीम के खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े। बेन डकेट को दो जीवनदान मिले और उन्होंने अर्धशतक जमाया। उनको यशस्वी और जडेजा ने जीवनदान दिया था। इंग्लैंड के लिए इस मैच में शतक जमाने वाले ओली पोप को भी जीवनदान मिला।

#### बुमराह ने झटके 5 विकेट

बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटककर अग्रेजों की पारी का अंत किया।इंग्लैंड की टीम ने ओली पोप के शतक और बुक के 99 रन के सहारे 466 पर आलऑउट हो गई। भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर 6 रन की मामूली बढ़त बना सकी।

# टी-20 विश्व कप में क्वालीफाई करने वाला कनाडा 13वां देश



**7 विकेट से बहामास को हराया**

**6 ओवर में हासिल किया 58 रन का लक्ष्य**

**कलीम साना बने प्लेयर ऑफ द मैच**

एजेंसी ⏭ ओंटारियो

कनाडा की पुरुष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था। कनाडा क्वालीफाई करने वाला 13वां देश है। बीस टीमों के टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे।

# सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में 6 मुक्केबाजों से स्वर्ण की आस

एजेंसी ⏭ माहे

भारत के छह मुक्केबाजों ने सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बना ली है। कजाखस्तान में एलोरडा कप में खेल चुके उत्तर प्रदेश के आदित्य प्रताप (65 किलो) ने तीसरे दौर में स्थानीय मुक्केबाज जोवानी बूजिन को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) पर हराया। राष्ट्रीय संयुक्त फाइनल्स में रजत पदक विजेता नीरज (75 किलो) ने आरएससी पर दूसरे दौर में जीत दर्ज की।

बेलग्रेड मुक्केबाजी चैंपियन रहे और एलीट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हरियाणा के हिमांशु शर्मा (50 किलो) ने मॉरीशस के मथियू एस को 4-1 से हराया। उत्तर प्रदेश के आशीष एम ने 55 किलो वर्ग में मॉरीशस के गुइलॉमी फ्रांसिस को 4-1 से मात दी। राष्ट्रीय संयुक्त चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता हरियाणा के अनमोल (60 किलो) ने सेशेल्स के डारियो गैब्रियेल को 4-1 से हराया। कार्तिक दलाल (70 किलो) को दक्षिण अफ्रीका के ब्लेसिंग एनजियाना ने 4-1 से शिकस्त दी। एलोरडा कप 2024 के कांस्य पदक विजेता और राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीत चुके गौरव चौहान को 90 प्लस वर्ग में सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है।



### अंडर-23 एशियाई कुश्ती

# भारत ने छह स्वर्ण के साथ जीता टीम खिताब



एजेंसी ⏭ वुंग ताऊ

भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल टीम ने अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ टीम खिताब जीता। भारत ने टूर्नामेंट में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पुरुष और महिला टीम चैंपियनशिप जीती। महिला टीम ने सभी 10 वर्ग में पदक जीते। पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्र मोहन (79 किग्रा), सचिन (92 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। जसपूरन सिंह ने 125 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। ग्रीको रोमन टीम ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते।

## पांच खिलाड़ियों ने बनाई संयुक्त बढ़त

**मुंबई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर एम ललित बाबू और आर्मेनिया के आर्सेन दावत्यान ने रविवार को यहां ऑरियनप्रो इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर एवं जूनियर शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में अपने मैच ड्रॉ खेले जिससे अन्य खिलाड़ियों को उनकी बराबरी पर पहुंचने का मौका मिल गया। अब जबकि इस प्रतियोगिता में छह दौर की बाजियां खेली जा चुकी हैं तब पांच खिलाड़ी 5.5 अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जिससे मुकाबला रोमांचक बन गया है।इंडोनेशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर नायका बुद्धिधर्मा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंत्सुलिया के साथ ड्रॉ खेल कर अपनी छाप छोड़ी। अंडर-13 वर्ग में अंश नंदन नेरुरकर और मधेश कुमार ने शीर्ष बोर्ड पर कड़े मुकाबले के बाद अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। वे 5.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।



## कमल की एशियाई स्नूकर में शानदार शुरुआत



**कोलंबो।** मौजूदा आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियन कमल चावला ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां एसीबीएस एशियाई 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप के पहले दिन मकाउ चीन के वाइ इप लैम पर 4-1 से एकतरफा जीत दर्ज की। चावला ने ग्रुप सी मैच के दूसरे फ्रेम में शानदार 66 का स्कोर बनाया। उन्होंने इसके बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और लैम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने ग्रुप डी के मैच में श्रीलंका के मोहम्मद मुबीन को (4-3) से और पुष्पेंद्र सिंह ने ग्रुप ए में बांग्लादेश के जियाउर रहमान आजाद को 4-1 से पराजित किया।




सऊदी अरब, ओमान, कतर... ईरान पर अमेरिकी हमलों से मुस्लिम देशों की बढ़ी चिंता, जताया दुख

# दुनिया बचेगी या मिटेगी को लेकर दुनिया में छा गया संकट, अब रूस की शरण में पहुंचा ईरान

नई दिल्ली। अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, इस्फहान और नतांज पर किए गए हवाई हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार देर रात दावा किया कि इन हमलों में ईरान की परमाणु क्षमता पूरी तरह से खत्म कर दी। उन्होंने यह भी वार्निंग दी कि अगर ईरान शांति की दिशा में नहीं बढ़ता, तो और हमले किए जाएंगे। इस तरीके के बयानों ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। कई मुस्लिम देशों ने अमेरिका के इस कदम की कड़ी निंदा की है और ईरान के साथ एकजुटता जताई है। हालांकि ये निंदा अभी सिर्फ बयानबाजी तक सीमित है। किसी भी देश ने ईरान को सैन्य हथियारों या प्रत्यक्ष मदद का आश्वासन नहीं दिया है।



## सऊदी अरब ने चिंता जाहिर की

सऊदी अरब ने अमेरिकी हमलों पर गंभीर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब इस्लामी रिपब्लिक ईरान में परमाणु ठिकानों को अमेरिका द्वारा निशाना बनाए जाने की घटनाओं को अत्यंत चिंताजनक मानता है।

चिंता जाहिर की है लेकिन सैन्य मदद का किसी ने भरोसा नहीं दिलाया

## मुकर गया पाक

पाकिस्तान ने एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया था, लेकिन अब विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस कदम को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। बयान में कहा गया कि ईरान के खिलाफ की गई आक्रामकता बेहद चिंताजनक है और पाकिस्तान इसके नतीजों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है।

## फिलिस्तीन बोला- ईरान सक्षम

फिलिस्तीनी सशस्त्र समूह हमास ने एक बयान में अमेरिका की खुलेआम आक्रामकता की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। हमास ने कहा कि हम ईरान, उसकी नेतृत्व और उसकी जनता के साथ एकजुटता व्यक्त करते हैं और हमें पूरा भरोसा है कि ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है।

## ओमान ने यूएस की निंदा की

ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा ओमान भी अमेरिका के हमले से नाखुश नजर आया। ओमान ने अमेरिका के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है और इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है।

## अमेरिका ने जमीन से 295 फीट नीचे बमबारी की

# ईरान पर हमले के लिए बी-2 बॉम्बर, 37 घंटे तक उड़ा, हवा में कई बार फ्यूल भरा

अमेरिका ने रविवार सुबह (भारतीय समयानुसार 4:30 बजे) ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर बी-2 बॉम्बर से हमला किया। ये ठिकाने ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान में हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक ईरान के ये परमाणु ठिकाने पहाड़ों के 295 फीट नीचे बनाए गए हैं। ऐसे में इन्हें तबाह करने के लिए बी-2 बॉम्बर विमान की जरूरत थी। रिपोर्ट के मुताबिक हमला करने से पहले बी-2 बॉम्बर विमान ने अमेरिका के मिसौरी एयरबेस से भारतीय समयानुसार 20 जून को दोपहर करीब 3 बजकर 30 मिनट पर टेकऑफ किया था। इस विमान ने लगभग 37 घंटे तक बिना रुके उड़ान भरी और बीच हवा में कई बार फ्यूल भरा था। बी-2 बॉम्बर ने फोर्डो साइट पर 30 हजार पाउंड वजन के 6 जीबीयू-57 बम (बंकर बस्टर) गिराए। साथ ही नतांज पर दो बम गिराए। वहीं, इस्फहान और नतांज पर 30 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागी हैं। इन्हें 400 मील दूर अमेरिकी पनडुब्बियों से लॉन्च किया गया था। यह पहला मौका है जब अमेरिका ने जीबीयू-57 जैसे बंकर बस्टर बम का किसी युद्ध में इस्तेमाल किया है।



### बी-2 स्पिरिट- स्टेल्थ बॉम्बर


- कीमत- 17 हजार करोड़
- वजन- 71 हजार किलो
- टेकऑफ- 1.71 लाख किलो
- रेंज- 12 हजार किमी
- स्पीड- 1010 किमी प्रति घंटा
- क्षमता- 40 हजार पाउंड पेलोड


### बेहद घातक है जीबीयू-57 बम




- जीबीयू- 57 बम
- कीमत- 29 करोड़
- वजन- 13 हजार 600 किलो
- लंबाई- 20.5 फीट
- विस्फोटक- 5342 किलो
- क्षमता- 200 फिट नीचे
- जमीन भेदने में सक्षम

## पुतिन से आज मिलेंगे ईरानी विदेश मंत्री





इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष में अमेरिका की एंट्री होने से खलबली मच गई। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों को निशाना बनाकर बमबारी की है। इस बीच, ईरान ने मॉस्को से मदद की गुहार लगाने का मन बनाया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए रविवार को मॉस्को पहुचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश अपने विभिन्न परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमलों के जवाब में आगे जो भी कार्रवाई करेगा उसके लिए वाशिंगटन 'पूरी तरह जिम्मेदार' होगा। उन्होंने कहा कि उनके परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले के बाद कोई कूटनीतिक रास्ता नहीं बचा है। अराघची ने इस्तांबुल में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ऐसी कोई लक्ष्मण रेखा अब नहीं बची है जिसे अमेरिका ने पार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हालांकि कूटनीतिक रास्ते हमेशा खुला रहने चाहिए, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अराघची ने तुर्किए में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन अपने आक्रामक कृत्य के खतरनाक परिणामों और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है।

## रूस बोला- यही हाल रहा तो ट्रंप को कभी नोबेल नहीं मिलेगा

रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप शांति का दूत बनकर आए थे, लेकिन अब उन्होंने अमेरिका को एक नई जंग में झोंक दिया है। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा है कि ज्यादातर देश इजराइल और अमेरिका की कार्रवाई के खिलाफ हैं। मेदवेदेव ने कहा कि अमेरिका अब एक ऐसे नए संघर्ष में फंस गया है, जिसमें जमीनी लड़ाई की पूरी संभावना है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, अगर यही हाल रहा, तो ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार कभी नहीं जीत पाएंगे।



## यूएस ने सबसे बड़ी मिसाइल से हमला कर ईरान में मचाई तबाही

ईरान के तीन न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिका ने बमवर्षक विमानों से हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर हमला करने के लिए अपनी सबसे बड़ी मिसाइल को चुना, जो भारी पेलोड ले जाने सक्षम है। इन मिसाइल हमलों में कम से कम 11 लोग घायल हुए हैं। ईरान के सरकारी टीवी ने खुर्रमशहर-4 मिसाइल की फाइल फुटेज दिखाई, जिसमें दावा किया गया कि आज के हमले में इसका इस्तेमाल किया गया। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक, अमेरिकी कार्रवाई के बाद ईरान ने कम से कम 40 मिसाइलें दागीं, जिनमें खोर्रमशहर-4 भी शामिल है। इस मिसाइल की 2,000 किलोमीटर की रेंज है और 1,500 किलोग्राम के वारहेड ले जा सकती है। **किन-किन जगहों पर किया गया हमला?**: जिन जगहों पर हमले किए गए उनमें एक शॉपिंग सेंटर, एक बैंक और एक सैलून शामिल हैं। इसके अलावा उत्तरी तेल अवीव का एक इलाका भी है, जहां ईरान ने तबाही मचाई है। इन इलाकों में दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है, दरवाजे टूटे पड़े हैं।

## अब भारत ने अपनाई विशेष रणनीति: संघर्ष के चलते रूस से बढ़ाया कच्चे तेल का आयात

ईरान इसराइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री हो चुकी है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा। हालांकि भारत ने पहले ही हालात को भांपते हुए रणनीति के तहत रूस और अमेरिका से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। भारत ने जून महीने में रूस से इतना तेल खरीदा है, जो पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से खरीदे गए कुल कच्चे तेल से भी ज्यादा है। वैश्विक व्यापार विश्लेषक फर्म कैपलर के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने जून महीने में रूस से 20-22 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चे तेल की खरीद की है। यह बीते दो साल में सबसे ज्यादा है। मई माह में भारत ने रूस से तकरीबन 11 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चा तेल खरीदा था। भारत पहले रूस से अपनी जरूरत का महज एक प्रतिशत तेल ही आयात करता था।

## ईरान पर अमेरिकी अटैक के बाद बहरीन और कुवैत में बेचैनी, आर्मी-सरकार सब अलर्ट पर

दोनों देशों में अमेरिकी एयरबेस पर हमले की आशंका | अपने लोगों के लिए जारी कर दिए विशेष दिशा निर्देश

मुख्य मार्गों पर न चलने, सैन्य ठिकानों से दूर रहने की सलाह

ईरान के परमाणु ठिकानो पर अमेरिकी हमलों के बाद जहां खाड़ी के मुस्लिम देश सिर्फ निंदा कर रहे हैं। वहीं बहरीन और कुवैत में बेचैनी है। वहां रात का इंतजार होता रहा है। आर्मी और सरकार पूरी तरह अलर्ट पर हैं। खुफिया एजेंसियां लगातार अमेरकिा के संपर्क में हैं। लोगों को आदेश दिए जा रहे हैं काफिला रास्ते से न जाएं, फलां जगह जाने से बचें। दरअसल, बहरीन अमेरिकी नेवी के 5वें बेड़े का हेडक्वार्टर है और कुवैत में कई अमेरिकी ठिकाने हैं। ईरान की कुद्दस फोर्स ने हमलों के बाद यूएस एयरबेस पर अटैक की चेतावनी दी है। इसके बाद से इन देशों पर खतरा मंडराने लगा है। अमेरिकी ठिकानों वाले बहरीन और कुवैत ने रविवार को अपने लोगों को अलर्ट रहने की चेतावनी जारी की है। बहरीन ने वाहन चालकों से मुख्य सड़कों से बचने का आग्रह किया। उनसे कहा जा रहा है कि जहां आर्मी इलाके हों उस ओर जाने से बचें। उधर, कुवैत ने ईरान की परमाणु सुविधाओं पर अमेरिकी हमलों के बाद सख्ती बढ़ा दी है। मंत्रियों को बंकरों में जाने को कहा है। लोगों से कहा जा रहा है कि रात के वक्त न निकलें। कम से कम रविवार को तो बिल्कुल नहीं। इस बीच, पाकिस्तान का हर कदम साथ देने वाले तुर्की के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमलों से क्षेत्रीय संघर्ष के वैश्विक स्तर पर फैलने का खतरा बढ़ गया है। संघर्ष को व्यापक वैश्विक युद्ध में बदलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सभी पक्षों से जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। तुर्की ने कहा कि केवल बातचीत ही तेहरान और वाशिंगटन के बीच परमाणु विवाद को हल कर सकती है।

## ट्रंप की तारीफ कर बोले यूएस रक्षा मंत्री, तो करारा जवाब देंगे



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी कि ईरान की ओर से किसी भी जवाबी कार्रवाई का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने ईरान पर हमलों में शामिल अमेरिकी सैन्य कर्मियों के काम की तारीफ की। हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का मकसद शांति है। उन्होंने साफ कहा है कि वो परमाणु हथियार नहीं चाहते, वो शांति चाहते हैं, और ईरान को भी वही रास्ता चुनना चाहिए। ईरानी परमाणु ठिकानों पर मिसाइल गिराने के करीब 12 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने का ख्वाब देखा था, लेकिन ट्रंप के अलावा कोई भी ऐसा नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि ईरान पर कार्रवाई साहसिक और शानदार थी। जब राष्ट्रपति ट्रंप बोलते हैं, तो दुनिया को सुनना चाहिए।

## ईरान से 311 भारतीयों को लेकर एक अन्य उड़ान पहुंचा दिल्ली

नई दिल्ली (भाषा)। ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बमबारी के बाद ईरान एवं इजराइल के बीच बढ़ रहे तनाव के मध्य भारत ने रविवार को ईरान से 300 से अधिक भारतीय नागरिकों को लाया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरानी शहर मशहद से विशेष उड़ान से 311 भारतीय दिल्ली पहुंचे हैं। उसने कहा कि इस नये जत्थे के साथ, ईरान से वापस लाये गये लोगों की कुल संख्या अब 1,428 हो गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि 311 भारतीय नागरिक 22 जून को अपराह्न साढ़े चार बजे मशहद से विशेष उड़ान से नयी दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। भारत ने दोनों देशों के बीच बढ़ती दुश्मनी के मद्देनजर ईरान और इजराइल से भारतीयों को वापस लाने के लिए पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू किया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25